दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 2 | अंक: 238 | जयपुर, सोमवार, 07 अगस्त, 2023 | श्रावण, कृष्ण पक्ष- सप्तमी, विसं 2080 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

**जरूरी खबर**

## प्रदेश के तीन विश्वविद्यालयों को मिले नए कुलपति



**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने रविवार को राज्य के तीन विश्वविद्यालयों में नए कुलपति नियुक्त किए। मिश्र ने राज्य सरकार के परामर्श से बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विवि, लखनऊ में गृह विज्ञान विभाग की डीन डॉ. सुनीता मिश्रा को उदयपुर के मोहनलाल सुखाड़िया विवि में, जीवाजी विवि, ग्वालियर के प्रोफेसर केशव सिंह ठाकुर को बांसवाड़ा के गोविंद गुरु जनजाति विवि में और लखनऊ विवि के प्रोफेसर मनोज दीक्षित को बीकानेर के महाराजा गंगा सिंह विवि में कुलपति नियुक्त किया। इनकी नियुक्ति कार्यभार संभालने की तिथि से तीन वर्ष या 70 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक (जो भी पहले हो) के लिए की है।

## PHED के ExEn, JEn सहित 5 को घूस लेते दबोचा

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने रविवार रात जलदाय विभाग के अभियंताओं सहित पांच जनों को गिरफ्तार किया। एसीबी ने यहां पोलोविक्ट्री स्थित एक होटल में ठेकेदार पदम जैन, एक्सईएन मायालाल सैनी (बहरोड), जेईएन प्रदीप (नीमराना) व दो अन्य को 2.20 लाख की रिश्वत लेते रंगे हाथों दबोचा। साथ ही आरोपियों की गाड़ी से 2 लाख 90 हजार रुपए सहित कुल 5 लाख 40 हजार रुपए बरामद हुए हैं। खबर लिखे जाने तक एसीबी की टीम मामले से जुड़े दस्तावेजों की जांच कर रही थी। एसीबी डीआईजी रणधीर सिंह ने बताया कि जांच और तलाशी चल रही है।

■ पेज 2 भी देखें

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**प्रधानमंत्री ने रखी 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला: विपक्ष का नाम लिए किए प्रहार, कहा...**

# कर का पैसा अब भ्रष्टाचार में नहीं, राष्ट्र निर्माण में हो रहा उपयोग

**बेधड़क** | नई दिल्ली/जयपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने इस धारणा को बदल दिया है कि नागरिकों की तरफ से चुकाए गए कर को भ्रष्टाचार में बर्बाद कर दिया जाता है। आज लोग महसूस करते हैं कि उनके पैसे का उपयोग राष्ट्र निर्माण में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बढ़ती सुविधाओं और जीवन यापन में सुगमता के कारण करों का भुगतान करने वाले लोगों की संख्या बढ़ रही है। रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए देश भर के 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखते हुए मोदी ने कहा कि जब देश में दो लाख की आय पर कर लगता था, जबकि आज सात लाख रुपए तक की आय पर कर नहीं लगता।

- **पीएम ने कहा... देश में सरकार पर बढ़ रहा है विश्वास**
- **मध्यम वर्ग बढ़ा, आयकर रिटर्न दायर करने वाले 16 फीसदी बढ़े**



### मध्यम वर्ग का दायरा बढ़ा

प्रधानमंत्री ने कहा कि इसके बावजूद देश में एकत्र आयकर की राशि बढ़ रही है। इससे स्पष्ट संदेश जा रहा है कि देश में मध्यम वर्ग का दायरा लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि इस साल आयकर रिटर्न दाखिल करने वालों की संख्या में 16 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जो सरकार में विश्वास बढ़ने और देश में हो रहे नवोन्मेषण को दर्शाता है। आज लोग देख रहे हैं कि किस प्रकार देश में रेलवे का कायाकल्प हो रहा है, मेट्रो का विस्तार हो रहा है। इन 508 रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण भी इसी दिशा में उठाया गया एक कदम है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी वीसी के जरिए इस कार्यक्रम में जुड़े। मोदी ने हर घर तिरंगा का आह्वान किया और कहा कि पिछली बार की तरह इस बार भी हर घर पर तिरंगा फहराना हैं।

■ पेज 7 भी देखें

### जयपुर के स्टेशनों पर हवा महल और आमेर की झलक

प्रदेश में 4 हजार करोड़ की लागत से 55 स्टेशन का कायाकल्प होगा। जयपुर मंडल के अलवर, बांदीकुई, जयपुर, गांधीनगर, फुलेरा जंक्शन, नरेना, आसलपुर जोबनेर (अस्थाई), सीकर और रींगस के साथ ही आगरा मंडल के खेरली और कोटा मंडल के बारां, छबड़ा, गुगोर, भरतपुर, बयाना, भवानी मंडी, हिंडोन सिटी, श्री महावीरजी, कोटा, धकानिया तलाव, रामगंजमंडी जंक्शन, सवाई माधोपुर जंक्शन और गंगापुर सिटी इनमें शामिल हैं। अजमेर मंडल के डूंगरपुर, सोजत रोड़, मारवाड जंक्शन, फालना, भीलवाड़ा, बिजयनगर, पिंडवाड़ा, मावली जंक्शन, राणाप्रताप नगर और कपासन तथा बीकानेर मंडल के लालगढ़ जंक्शन, चूरू, सादुलपुर, रतनगढ़ जंक्शन, श्रीगंगानगर, सूरतगढ़, हनुमानगढ़ स्टेशनों का पुनर्विकास होगा। जोधपुर मंडल के बालोतरा, बाड़मेर (अस्थाई), नोखा, देशनोक, जैसलमेर, रामदेवरा, जोधपुर, फलोदी (अस्थाई), गोटन, डीडवाना, डेगाना, नागौर (अस्थाई), रेन (अस्थाई), मेड़तारोड जंक्शन (अस्थाई), सुजानगढ़ के साथ ही रतलाम मंडल के चंदेरिया सहित 55 रेलवे स्टेशनों का पीएम ने शिलान्यास किया। बता दें, जयपुर के स्टेशनों पर हवामहल और आमेर फोर्ट की झलक दिखेगी।

**आज से बदल जाएगा प्रदेश का भूगोल**

# सनातन परंपरा से आज नए जिलों की होगी स्थापना

## गहलोत सरकार का सबसे बड़ा सियासी दांव

■ नए जिलों व संभागों का गजट नोटिफिकेशन जारी

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सोमवार को वर्चुअल माध्यम से नए सृजित जिलों की सभी धर्मगुरुओं की उपस्थिति में विधि-विधान से स्थापना करेंगे। मुख्यमंत्री आवास पर होने वाले मुख्य कार्यक्रम में गहलोत बटन दबाकर नए जिलों की उद्घाटन शिला पट्टिकाओं का अनावरण करेंगे। इस समारोह की अध्यक्षता राजस्व मंत्री रामलाल जाट करेंगे। इससे पहले रविवार को राज्य सरकार ने 19 नए जिलों और तीन संभाग को लेकर राजस्व विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी। यह जिले प्रशासनिक तौर पर सोमवार से अस्तित्व में आ जाएंगे।

राजनीतिक लिहाज से नए जिलों का गठन गहलोत सरकार का बड़ा सियासी दांव माना जा रहा है। इसलिए सरकार पूरे जोर-शोर के साथ 19 जिलों में बड़े कार्यक्रम करके इसका सियासी संदेश देने की कोशिश कर रही है। राजस्व मंत्री जाट ने कहा कि इस जिलों के गठन के साथ जो विशेषाधिकारी लगाए गए थे, वे ही जिला कलेक्टर और जिला एसपी हो जाएंगे। जल्द कलेक्टर और एसपी कार्यालय के निर्माण का काम शुरू होगा। कार्यालयों के लिए जमीन आवंटित कर दी गई है।

### हर जिले में कार्यक्रम के साथ राजनीतिक संदेश



नए सृजित जिलों में स्थापना समारोह की अध्यक्षता प्रभारी मंत्री करेंगे। श्रम राज्यमंत्री सुखराम बिश्नोई सांचौर जिले में, सहकारिता मंत्री उदय लाल आंजना डीडवाना-कुचामन जिले में, आपदा प्रबंधन एवं सहायता मंत्री गोविंद राम मेघवाल अनूपगढ़ जिले में, उद्योग मंत्री शकुंतला रावत नीमकाथाना जिले में, वन एवं पर्यावरण मंत्री हेमाराम चौधरी बालोतरा जिले में, खान एवं पेट्रोलियम मंत्री प्रमोद जैन भाया केकड़ी जिले में, उच्च शिक्षा मंत्री राजेंद्र सिंह यादव कोटपूतली-बहरोड जिले में, सार्वजनिक निर्माण मंत्री भजन लाल जाटव गंगापुर सिटी जिले में, पर्यटन मंत्री विश्वेंद्र सिंह डीग जिले में, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली खैरथल-तिजारा जिले में, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास सलूंबर जिले में, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री महेश जोशी शाहपुरा जिले में, महिला एवं बाल विकास मंत्री ममता भूपेश ब्यावर जिले में, नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल दूदू जिले में, शिक्षा मंत्री डॉ. बीडी कला एवं अल्पसंख्यक मामलात मंत्री शाले मोहम्मद फलोदी जिले में, कृषि मंत्री लालचंद कटारिया जयपुर ग्रामीण, तकनीकी शिक्षा राज्यमंत्री डॉ. सुभाष गर्ग जोधपुर ग्रामीण जिले में आयोजित होने वाले स्थापना समारोह की अध्यक्षता करेंगे।

### इन जिलों की होगी स्थापना

अनूपगढ़, गंगापुर सिटी, कोटपूतली-बहरोड़, बालोतरा, खैरथल-तिजारा, ब्यावर, जयपुर ग्रामीण, नीमकाथाना, डीग, फलोदी, डीडवाना-कुचामन, जोधपुर ग्रामीण, सलूम्बर, दूदू, केकड़ी, सांचौर, शाहपुरा।

## आज वीसी के जरिए कोर्ट में पेश होंगे मुख्यमंत्री!

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत द्वारा दर्ज मानहानि के मामले में सोमवार को वीसी के जरिए दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश होंगे। कोर्ट में सीएम गहलोत ने पुनर्विचार याचिका दायर कर विभिन्न कारणों का हवाला देकर पेशी से राहत की गुजारिश की थी। लेकिन कोर्ट ने सुनवाई के दौरान समन पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। विशेष न्यायाधीश की अदालत ने सीएम अशोक गहलोत को सात अगस्त को पेश होने के निर्देश दिए हैं। हालांकि सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री इस मामले में हाजरी माफी का प्रार्थना-पत्र लगा सकते हैं।

**हेरिटेज निगम में रिश्वतखोरी**

## मेयर के रोल की हो रही गहन जांच

# लटकी गिरफ्तारी की तलवार!

**बेधड़क** | जयपुर

एसीबी द्वारा हेरिटेज नगर निगम मेयर मुनेश गुर्जर के पति सुशील गुर्जर और दो दलालों को पट्टे की एवज में रिश्वत लेते पकड़े जाने के बाद मेयर मुनेश पर भी गिरफ्तारी की तलवार लटकी है। जो फाइलें मुनेश के घर पर मिली हैं, एसीबी के अधिकारी उनके संबंध में गहन जांच कर रहे हैं। ये फाइलें जिनकी हैं, उनसे भी पूछताछ की जाएगी। वहीं, एसीबी के सूत्र बता रहे हैं कि घूसखोरी की करीब दस घंटे की रिकॉर्डिंग भी है। एसीबी ने सत्यापन के दौरान कुछ लोगों के जरिए करीब आठ लाख रुपए भी महापौर के घर पर भेजे थे।

- **एसीबी के पास दस घंटे की ओडियो रिकॉर्डिंग**
- **100 पट्टों की एवज में आठ लाख रुपए पहुंचे महापौर के घर**



### पूछताछ अलग-अलग और आमने-सामने

पूछताछ में यदि मेयर का रोल सामने आया तो वे भी गिरफ्तार की जा सकती हैं। वहीं, एसीबी के अधिकारी पहले ही कह चुके हैं कि मुनेश को भी नोटिस देकर पूछताछ के लिए बुलाएंगे। सूत्रों के अनुसार रविवार को एसीबी में तीनों आरोपियों से अलग-अलग पूछताछ और आमने-सामने बिठाकर भी पूछताछ हुई। एसीबी सभी संदिग्धों के बैंक खाते और आरोपियों के लॉकर भी खंगाल सकता है। एसीबी निगम के उन अधिकारियों से भी पूछताछ करेगी जो पट्टे देने में अहम भूमिका निभाते हैं। वही मुनेश के पति के फोन की डिटेल से भी एसीबी कई तथ्य जुटाने में लगी हुई है।

### आज फिर कोर्ट में पेश किए जाएंगे आरोपी

आरोपियों की दो दिन की रिमांड अवधि सोमवार को पूरी हो जाएगी। ऐसे में एसीबी मेयर पति और दोनों दलालों को फिर से कोर्ट में पेश करेगा। संभवत: एसीबी और रिमांड मांगेगा। वहीं, एसीबी को पूछताछ में सुशील ने बताया कि उसका कोई रोल नहीं है और जो पैसे उसके घर से मिले हैं वह प्लॉट बेचने पर आए थे।

**पाकिस्तान गई अंजू का मामला**

## अंजू और नसरुल्ला के खिलाफ एफआईआर

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान के अलवर जिले से अपने फेसबुक मित्र से मिलने कानूनी तौर पर पाकिस्तान गई अंजू के पति अरविंद ने अंजू और उसके दोस्त नसरूल्ला के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवाई है। भिवाड़ी के पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि अलवर फूलबाग पुलिस थाने में आईपीसी की धारा 366 (महिला को शादी के लिए प्रेरित करना), 494 (बिना तलाक के दूसरी शादी), 500 (मानहानि), 506 (आपराधिक धमकी) और आईटी अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। अरविंद सरकार यह जांच करने का भी आग्रह कर चुका है कि अंजू ने पाकिस्तान की यात्रा के लिए नकली दस्तावेजों और हस्ताक्षरों का इस्तेमाल तो नहीं किया था।



## ब्रिटेन: सिख का पटका हटाने का आरोपी निर्दोष

**लंदन।** उत्तरी इंग्लैंड के वेस्ट मिडलैंड पुलिस में कार्यरत सार्जेंट को हिरासत के दौरान सिख व्यक्ति का पटका कथित तौर पर उतारने और दुर्व्यवहार करने के आरोप से मुक्त कर दिया गया है। आरोपी पुलिसकर्मी को इंटिपेंडटेंट ऑफिस फॉर पुलिस कंडक्ट की जांच के बाद आरोप-मुक्त किया गया। व्यक्ति ने शिकायत की थी कि धार्मिक मान्यताओं के लिए सिर ढंकने के लिए इस्तेमाल पटका को बर्मिंघम के पेरी बार में जबरन उतरवाया गया, जिसकी वजह से वह सदमे में है।

**चंद्रमा का सबसे रहस्यमय हिस्सा दक्षिणी ध्रुव**

# भारत 23 अगस्त को बन जाएगा साउथ पोल पर पहुंचने वाला पहला देश!

- चंद्रमा के इस हिस्से पर गड़ी हैं तमाम वैज्ञानिकों की नजरें
- कई देश कर चुके हैं यहां पर लैडिंग की कोशिशें
- कई मिशन लॉन्च कर रहस्य से पर्दा उठाने के हो चुके हैं प्रयास

**एजेंसी** | फ्लोरिडा

भारत का चंद्रयान 3 चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश कर गया है। अगर 23 अगस्त को (इसरो की दी गई तारीख) इसने लैंडर और रोवर को चंद्रमा की सतह पर स्थापित कर दिया तो चांद के दक्षिणी ध्रुव या साउथ पोल पर उतरने वाला भारत पहला देश बन जाएगा। साथ ही, यह अमेरिका, रूस और चीन के बाद चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग हासिल करने वाला केवल चौथा होगा। इस मिशन में चांद के उस हिस्से के बारे में जानने की कोशिशें की जाएंगी जो अभी तक रहस्य है। इसका दक्षिणी ध्रुव वह जगह है जो विज्ञान में रुचि रखने वालों के लिए हमेशा से रहस्य रहा है।



### चांद पर एकदम ठंडी जगह

चंद्रमा का दक्षिणी ध्रुव वैज्ञानिकों के लिए हमेशा से विशेष रुचि का विषय रहा है। यह वह जगह है जहां पर कुछ हिस्सों में एकदम अंधेरा है तो कुछ जगहों पर छाया रहती है। स्थाई रूप से छाया वाले क्षेत्रों में बर्फ जमा होने की बातें कही गई हैं। इसके अलावा यहां पर ऐसे कई गड्ढे हैं जो अपने आप में खास हैं, क्योंकि सूरज की रोशनी उनके अंदरूनी हिस्सों तक नहीं पहुंच पाती है। अमेरिकी अंतरिक्ष संस्था नासा का दावा है कि चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के कुछ गड्ढों पर तो अरबों वर्षों से सूरज की रोशनी नहीं पहुंची है। इन गड्ढों वाली जगह का तापमान -203 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है।

### मिल सकता है सौर मंडल के शुरू होने का सुराग

कम तापमान की वजय से ये क्रेटर बहुत ठंडे हैं। नासा की मानें तो यहां पर हाइड्रोजन, बर्फ और बाकी वाष्पशील पदार्थों का ऐसा जीवाश्म रिकॉर्ड है, जो सौर मंडल के शुरू होने से जुड़ा हुआ है। बहुत ज्यादा ठंड और यहां के तापमान की वजह से चांद के इस हिस्से में बहुत सालों में कोई बदलाव नहीं देखा गया है। नासा का कहना है कि यह वह जगह है जो बता सकती है कि जीवन की शुरुआत कैसे हुई होगी। पिछले कई वर्षों से दुनिया के अलग-अलग देशों ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर कई मिशन लॉन्च करने की कोशिशें की हैं और इसके बारे में पता लगाने का प्रयास किया है।

### क्या है गड्ढों के नीचे



कुछ वैज्ञानिक यह भी मानते हैं कि चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के गड्ढों के नीचे कोई विशाल चीज छिपी हुई है। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह निश्चित रूप से इतना बड़ा है कि चंद्रमा के गुरुत्वाकर्षण बल को प्रभावित कर सकता है। अभी तक नासा भी इस पहली को सुलझा नहीं पाया है। नासा ने इसी साल मानव मिशन आर्टमिस III का ऐलान किया था। इस मिशन के तहत वह साउथ पोल की 14 जगहों का अध्ययन करेगा।

## जरूरी खबर

### गंगापुरसिटी में खुलेगा अधिशासी अभियंता कार्यालय



**जयपुर।** गंगापुरसिटी (सवाईमाधोपुर) में अधिशासी अभियंता कार्यालय एवं चूरू जिले के सिद्धमुख में सहायक अभियंता कार्यालय खुलेगा। इससे प्रदेश में जल संसाधन विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जल परियोजनाओं का सुचारू एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सकेगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। गहलोत की इस स्वीकृति से विभाग संबंधित बजट घोषणाओं एवं परियोजनाओं का क्रियान्वयन समयबद्ध हो सकेगा।

### लिफ्ट परियोजना से मजबूत होगा सिंचाई तंत्र

**जयपुर।** राज्य सरकार प्रदेश में सिंचाई तंत्र को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय ले रही है। इसी क्रम में सीएम गहलोत ने धौलपुर लिफ्ट परियोजना के लिए 177.04 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रस्ताव को मंजूरी दी है। गहलोत के इस निर्णय से धौलपुर कम्यूनिटी लिफ्ट इरिगेशन स्कीम के अंतर्गत धौलपुर, राजाखेड़ा एवं सेपऊ के 28,800 हेक्टेयर नहरी क्षेत्र को सूक्ष्म सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध हो सकेगा। इससे लगभग 15 हजार किसान लाभान्वित होंगे। इस परियोजना से धौलपुर जिले में जलस्तर में वृद्धि होगी। सिंचाई के लिए लम्बे समय तक पर्याप्त जल मिलने से किसान वर्षभर खेती कर सकेंगे और उनकी आय भी बढ़ेगी।

### जोधपुर के 2 उप स्वास्थ्य केन्द्र होंगे क्रमोन्नत




**जयपुर।** जोधपुर की पंचायत समिति लूणी के उप स्वास्थ्य केंद्र खाराबेरा पुरोहितान और पंचायत समिति घंटियाली के उप स्वास्थ्य केंद्र भींयासर को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में क्रमोन्नत किया जाएगा। साथ ही जोधपुर के माता का थाना क्षेत्र में नवीन शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खुलेगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस संबंध में प्रस्ताव को मंजूरी दी है। गहलोत ने इन तीनों ही स्वास्थ्य केंद्रों में नवीन व अतिरिक्त पद सृजन की भी स्वीकृति प्रदान की है। इन पदों में चिकित्सा अधिकारी, नर्स श्रेणी द्वितीय, महिला स्वास्थ्य दर्शिका, फार्मासिस्ट, लैब टैक्नीशियन सहित अन्य पद शामिल हैं।

---

**पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष के दौरे की तैयारियां तेज, सभा में भीड़ जुटाने की कवायद कर रही कांग्रेस**

# एससी-एसटी वोटों को साधने मानगढ़ आएंगे राहुल गांधी

■ प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह ने देखी व्यवस्था

**बेधड़क** | जयपुर



विश्व आदिवासी दिवस पर 9 अगस्त को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी बांसवाड़ा के मानगढ़ धाम पर सभा को संबोधित करेंगे। राहुल के साथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी मानगढ़ धाम आएंगे।

राजस्थान में चार माह में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। चुनाव को देखते हुए प्रदेश कांग्रेस के लिए राहुल की यह सभा सबसे अहम होगी।

राहुल गांधी इस सभा के जरिए आगामी चुनावों को लेकर कांग्रेस पार्टी का शंखनाद भी करेंगे। राहुल गांधी इस दौरान प्रदेश के एससी, एसटी वोटों को साधने की जुगत करेंगे। इधर सभा की तैयारियों को लेकर कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने रविवार को मानगढ़ धाम पर जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। प्रभारी रंधावा ने पार्टी पदाधिकारियों को सभा को लेकर व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने के निर्देश भी दिए। वहीं राहुल गांधी के आने तक रंधावा बांसवाड़ा में ही रहेंगे।

इस दौरान एआईसीसी सचिव व राजस्थान कांग्रेस के सह प्रभारी काजी निजामुद्दीन, मंत्री महेंद्रजीत सिंह मालवीया, जिला प्रमुख रेशम मालवीया, जिला अध्यक्ष रमेश पंड्या, जिला प्रमुख रेशम मालवीया, उप जिला प्रमुख विकास बामणिया, यूथ कांग्रेस उपजिला अध्यक्ष रोहित खड़िया, सहित कई कांग्रेस के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### रैली में भीड़ जुटाने का टारगेट डोटासरा कर रहे मॉनिटरिंग

प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व ने सभा के लिए पूरी तैयारियों से जुटी है। कांग्रेस के पदाधिकारियों ने दावा किया है कि प्रदेश में हुई पीएम मोदी की रैलियों से भी ज्यादा भीड़ मानगढ़ में जुटेगी। सभा को लेकर राजस्थान कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, राजस्थान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा बांसवाड़ा में रहकर ही मॉनिटरिंग कर रहे हैं। वहीं भीड़ जुटाने को लेकर ग्राम पंचायत से लेकर जिला स्तर तक स्थानीय नेताओं को टारगेट दिए गए हैं। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी पिछले दिनों यहां आकर सभा कर गए हैं। चुनावी गणित में कुशलगढ़, दानपुर और बागीदौरा आदिवासी सीटें हैं, जिस पर न तो कांग्रेस और ना ही बीजेपी को अब तक पूर्ण बहुमत मिला है। इन सीटों पर कांग्रेस की विशेष नजर रहेगी।

### आदिवासी वोटर्स पर टिकी निगाहें

आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर प्रदेश की राजनीति इस बार आदिवासी वोटर्स पर टिकी हुई है। भाजपा और कांग्रेस दोनों पार्टियां इनको को रिझाने में जुटी हुई हैं। नए संभाग बने बांसवाड़ा में 11 विधान सभा सीटें हैं, जो आरक्षित हैं। इन्हीं सीटों पर दोनों पार्टियों की नजर गड़ी हुई है। फिलहाल यहां कांग्रेस के पास 11 में से छह सीटें हैं। आगामी चुनाव में 11 सीटों को लेकर भाजपा और कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व अपनी रणनीति बन रहे हैं।

---

**भीलवाड़ा कांड: भाजपा की केंद्रीय टीम ने किया दौरा**

# कोटड़ी घटना से राजस्थान का इतिहास हुआ शर्मसार: पांडेय

■ भाजपा महिला सांसदों ने पीड़ित परिजनों से की मुलाकात

**बेधड़क** | जयपुर



भीलवाड़ा के कोटड़ी थाना क्षेत्र में नाबालिग बच्ची से सामूहिक दुष्कर्म और फिर भट्टी में जलाने के मामले के बाद प्रदेश की सियासत गरमाई हुई है। दुष्कर्म मामले को लेकर रविवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा बनाई गई जांच समिति की सदस्य 4 महिला सांसद सदस्यों की टीम ने भीलवाड़ा पहुंचकर अपराध स्थल पर मौका मुआयना किया।

जांच समिति की संयोजक सांसद सरोज पांडेय के नेतृत्व में टीम ने ग्रामीणों से बातचीत कर परिजनों को ढांढस बंधाया और विभत्स्य मामले में अपराधियों को सख्त से सख्त सजा दिलाने का आश्वासन दिया। गौरतलब है कि सामूहिक दुष्कर्म मामले के बाद से ही भाजपा लगातार सरकार पर हमलावर। वहीं शनिवार को घटनाक्रम को लेकर भाजपा युवा मोर्चा ने भी मुख्यमंत्री आवास के बाहर प्रदर्शन किया था। केंद्रीय जांच समिति की संयोजक सांसद सरोज पांडेय ने दुख व्यक्त करते हुए कहा राजस्थान की यह घटना बेहद ही शर्मनाक घटना है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार की बेशर्मी की भी हद हो गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में इतना बड़ा मामला होने के बावजूद भी प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, जिनके हाथ राज्य की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी है, अभी तक पीड़ित परिवार से नहीं मिले हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री को तुरंत प्रभाव से इस्तीफा दे देना चाहिए।

### पुलिस की लापरवाही आई सामने

केंद्रीय टीम ने कहा कि घटना के 4 दिन बीत जाने के बाद भी राज्य सरकार ने पीड़ित परिवार को कोई मुआवजे की राशि नहीं दी है। यह निश्चित ही कांग्रेस सरकार की संवेदनशीलता की पराकाष्ठा है। उन्होंने कहा कि पुलिस की लापरवाही भी सामने आई है। परिजन जब मुकदमा दर्ज कराने गए तो उनको वापस भेज दिया। उन्होंने कहा कि थाने में एक अधिकारी को बर्खास्त करने के बजाए पूरे थाने को बर्खास्त किया जाना चाहिए।

### प्रियंका को याद नहीं आ रहा अपना नारा

केंद्रीय टीम ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि प्रियंका गांधी जो यूपी में कहती है लड़की हूं लड़ सकती हूं। अब वो कहां गई? लड़की हूं लड़ सकती हूं का नारा प्रियंका गांधी को अब याद नहीं आ रहा क्या.? उन्होंने कहा कि प्रियंका को राजस्थान की बेटियां देश की बेटी नहीं लगती क्या? उन्होंने कहा कि प्रियंका गांधी इस समय मौन क्यों है, क्योंकि उनको मालूम है कि कांग्रेस सरकार की लापरवाही के चलते इस प्रकार की घटनाएं राजस्थान में आए दिन हो रही हैं।

### टीम में यह रहीं शामिल

भाजपा की 4 सदस्यीय टीम में सांसद सरोज पांडेय, रेखा वर्मा, कांता कर्दम, लॉकेट चटर्जी शामिल रहीं। इस दौरान भाजपा राष्ट्रीय मंत्री डॉ अलका गुर्जर एवं भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष रक्षा भंडारी भी मौजूद थी।

### पीड़ित परिवार को मिलेगा 53.50 लाख का मुआवजा

कोटड़ी मामले में गुर्जर समाज एक करोड़ मुआवजे की मांग को लेकर धरना दे रहा था। धरना स्थल पर पुलिस प्रशासन और अधिकरियों ने 25 लाख रुपए के मुआवजे की अनुशंसा की है, लेकिन परिजन और समाज के लोग एक करोड़ के मुआवजे पर अड़े रहे। इसके बाद समाज के लोगों और प्रशासन के बीच 53 लाख 50 हजार के मुआवजे पर सहमति बनीं। इसके साथ ही सरकार ने परिवार के एक सदस्य को संविदा पर नौकरी देने की मांग भी मानी। सरकार की ओर से मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया जाएगा तथा मामले में दोषी अफसरों पर जल्द कार्रवाई की जाएगी।

---

**जल जीवन मिशन में भ्रष्टाचार**

# 2.20 लाख की रिश्वत लेते अभियंताओं सहित पांच को पकड़ा


पहले से खोदी ट्यूबवेलों को नई बताकर करवा दिया भुगतान

घटिया सामग्री से निर्माण की शिकायत

ऐसे हुआ खुलासा

भ्रष्टाचार की धारा ऊपर से!

केन्द्र से टीम भेजने की मांग

सच बेधड़क

■ आरोपियों की गाड़ी से 2.90 हजार रुपए बरामद

**बेधड़क** | जयपुर

एसीबी की टीम ने रविवार को कार्रवाई करते हुए जयपुर में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के मामले में शिकंजा कसा है। रविवार को मायालाल सैनी अधिशासी अभियंता, बहरोड़ पीएचईडी, प्रदीप कनिष्ठ अभियंता वृत-नीमराना जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं ठेकेदार पदमचंद जैन, मलकेत सिंह सुपरवाईजर कम्पनी, प्रवीण कुमार को 2 लाख 20 हजार रुपए की रिश्वत राशि लेते-देते पकड़ा है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अतिरिक्त महानिदेशक हेमन्त प्रियदर्शी ने बताया कि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के व्रत- बहरोड़ में करवाए गए निर्माण कार्यों के बकाया बिलों को पास करने की एवज में मायालाल सैनी व प्रदीप ने फर्म के ठेकेदार पदमचंद जैन से लाखों रुपए की रिश्वत राशि का लेनदेन होने की संभावना है। एसीबी जयपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस रणधीर सिंह के सुपरवीजन में इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया। इस दौरान आरोपियों की गाड़ी से भी 2 लाख 90 हजार रुपए सहित कुल 5 लाख 40 हजार रुपए बरामद हुए हैं।

गौरतलब है कि ‘सच बेधड़क’ ने पिछले दिनों जल जीवन मिशन में भ्रष्टाचार की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था।

### यह है मामला


सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एसीबी ने फर्जी दस्तावेज से टेंडर हासिल करने वाली कंपनी पर छापेमारी की हैं। एसीबी को ठेकेदार के घर पर सरकारी फाइलों का अंबार मिला है। गौरतलब हैं कि जल जीवन मिशन को लेकर किरोड़ी लाल ने एसीबी में भ्रष्टाचार की शिकायत की थी। जिसमें बताया था कि सरकार में ब्लैक लिस्ट फर्मों को ठेके दिए जा रहे हैं।

---

**ईआरसीपी के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को दिया धन्यवाद**

# सीएम से मिला किसानों का प्रतिनिधिमंडल

**बेधड़क** | जयपुर



किसानों का प्रतिनिधिमंडल हिम्मत सिंह गुर्जर के नेतृत्व में रविवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मिला। जहां उन्होंने ईआरसीपी के लिए बजट में प्रावधान करने के लिए सीएम को धन्यवाद दिया।

गौरतलब है कि पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ई.आर.सी.पी.) के तहत आने वाले सभी 13 जिलों से पहुंचे किसानों ने बजट में ई.आर.सी.पी. के लिए 13 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान करने के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रतिनिधिमंडल सदस्यों ने कहा कि इससे क्षेत्र में पेयजल एवं सिंचाई जल सम्बन्धी समस्याओं का निराकरण होगा तथा आमजन एवं किसानों का जीवन सुगम होगा, साथ ही किसानों ने गहलोत से ई.आर.सी.पी. को यथाशीघ्र राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा दिलवाने के लिए आग्रह किया।

किसानों ने बताया कि इस योजना से पानी समेत कई सुविधाओं में सहूलियत मिलेगी। दरअसल ईआरसीपी अभी तक राजस्थान सरकार की ही परियोजना है और इसे राष्ट्रीय प्रोजेक्ट घोषित करने की मांग लंबे दिनों से चल रही थी।

---

**CEC के सदस्य सचिव ने सरकार को लिखा पत्र**

# सेंट्रल एम्पावर्ड कमेटी ने अवैध बजरी पर कार्रवाई के दिए निर्देश

**बेधड़क** | जयपुर



प्रदेश में हो रहे अवैध बजरी खनन पर सुप्रीम कोर्ट की सेंट्रल एम्पावर्ड कमेटी ने सख्ती बरतते हुए प्रसंज्ञान लिया है। इस संदर्भ में कमेटी ने राज्य सरकार को पत्र लिखकर अवैध बजरी खनन करने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। जिससे प्रदेश में अवैध बजरी खनन पर रोक लग सके।

ऑल राजस्थान बजरी ट्रक ऑपरेटर्स सोसायटी के अध्यक्ष नवीन शर्मा ने बताया कि पिछले दिनों सोसायटी की ओर से सीईसी को प्रदेश में हो रहे अवैध बजरी खनन की शिकायत की गई थी और अवगत कराया गया था कि वैध खनन और परिवहन करने वालों को नाजायज परेशान किया जा रहा है। प्रदेशाध्यक्ष नवीन शर्मा ने बताया की सीईसी को 28 जुलाई को प्रदेश में वैध बजरी खनन और परिवहन में आ रही परेशानियों के संबंध में पत्र लिखा था। इस पर सीईसी के सदस्य सचिव अमरनाथ शेट्टी ने प्रदेश के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर अवैध बजरी खनन पर कार्रवाई के लिए निर्देश दिए हैं।

---

**प्रदेश के कई जिलों में 40 डिग्री पहुंचा पारा**

# अलनीनो इफेक्ट और सुस्त मानसून के चलते तापमान में होगी बढ़ोतरी

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में कमजोर मानसून की गतिविधियों के चलते आगामी दिनों में तापमान में भी बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। दरअसल, तापमान में बढ़त का पहला कारण अलनीनो इफेक्ट और दूसरा बारिश की गतिविधियों में कमी होना बताया जा रहा है। पिछले हफ्ते से लगातार बारिश की गतिविधियों में कमी देखने को मिल रही है।

इधर मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार अगस्त महीने में रविवार तक राज्य की सभी क्षेत्रों का तापमान 40 डिग्री से नीचे दर्ज किया जा रहा था, जो रविवार से वापस बढ़ना शुरू हो गया। इधर बीकानेर में अगस्त के शुरुआती सप्ताह में छह वर्ष बाद पारा 35 डिग्री के करीब पहुंच गया है। बीकानेर जिले में पिछले वर्ष 6 अगस्त को पारा 41.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। इतना ही नहीं पिछले 6 वर्ष में यहां का पारा 40 डिग्री से ऊपर ही दर्ज किया जा रहा था।

इनमें 11 अगस्त 2021 को तापमान 44.8 डिग्री, 4 अगस्त 2020 को तापमान 45.3 डिग्री, 4 अगस्त 2019 को तापमान 44.4 डिग्री, 10 अगस्त 2018 को तापमान 43 डिग्री, 15 अगस्त 2017 को तापमान 40.6 डिग्री दर्ज किया गया था।

■ 6 वर्ष बाद बीकानेर में अगस्त के पहले सप्ताह में पारा 35 डिग्री के पास



### पिलानी में 3 डिग्री की बढ़ोतरी

राज्य में रविवार को कुछ स्थानों को छोड़कर कहीं भी भारी बारिश दर्ज नहीं की गई। इसके अलावा सभी जगहों का पारा 40 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया। इधर राजधानी में सुबह से शाम तक बादल छाए नजर आए। हालांकि शहरी इलाकों को छोड़कर ग्रामीण इलाकों में रविवार को हल्की बारिश का दौर चला। वहीं रविवार को झुंझुनूं के पिलानी में तापमान 3 डिग्री बढ़कर 39.6 डिग्री पर पहुंच गया। यहां आमजन को गर्मी का अहसास हुआ। इधर मौसम केंद्र जयपुर की ओर से 10 अगस्त तक प्रदेश की सभी जगहों पर मौसम सामान्य रहने और बारिश की गतिविधियों में बढ़त होने का अनुमान जताया है।

### कमजोर मानसून परिस्थिति

मौसम केंद्र निदेशक राधेश्याम शर्मा के अनुसार राज्य में आगामी दिनों में कमजोर मानसून परिस्थितियां रहने की प्रबल संभावना है। इसके अलावा पूर्वी राजस्थान के कोटा, उदयपुर, अजमेर, जयपुर व भरतपुर संभाग में आगामी तीन-चार दिन अधिकांश भागों में मौसम मुख्यतः शुष्क रहने व केवल छुटपुट स्थानों पर हल्की बारिश होने की संभावना है। वहीं पश्चिमी राजस्थान के जोधपुर व बीकानेर संभाग के अधिकांश भागों में आगामी एक सप्ताह के दौरान मौसम मुख्यतः शुष्क रहने तथा अपेक्षाकृत तेज सतही हवाएं 25 से 30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने की प्रबल संभावना है।

### 7 जगह पारा पहुंचा 35 डिग्री के पार

विभाग की ओर से रविवार को सर्वाधिक तापमान झुंझुनूं के पिलानी में 39.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। इसके अलावा जोधपुर के फलौदी और गंगानगर में 37.8 डिग्री, सांगरिया स्टेशन पर 37.2 डिग्री, बीकानेर में 35.3 डिग्री, जैसलमेर में 35.1 डिग्री, चूरू में 35 डिग्री के अलावा सभी जिलों में पारा 35 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया।

## जरूरी खबर

### डिस्कॉम कर्मियों का धरना 115 वें दिन भी रहा जारी



**जयपुर।** इंटर डिस्कॉम तबादला को लेकर डिस्कॉम कर्मियों का अनिश्चितकालीन धरना रविवार को 115 वें दिन भी जारी रहा। इनकी मांग है कि इंटर डिस्कॉम ट्रांसफर नीति बनाई जाए, जिससे उन्हें राहत मिल सके। गौरतलब है कि इसमें कुल लगभग 18 हजार से अधिक कमर्चारी हैं, जो ट्रांसफर नीति के न होने से अभी परेशानी का सामना कर रहे हैं। डिस्कॉम कर्मी रामकेश मीणा ने बताया कि वितरण की तीन कम्पनियां जयपुर डिस्कॉम, अजमेर डिस्कॉम एवं जोधपुर डिस्कॉम है। तीनों डिस्कॉम्स में कार्मिकों के कार्य व वेतनमान समान प्रवृत्ति के हैं। इसलिए समान प्रवृत्ति के कार्य होने से यदि इंटर डिस्कॉम्स तबादले होते हैं, तो विद्युत निगमों को फायदा भी होगा और इससे कोई वित्तीय भार भी नहीं आएगा।

### आज शहीद स्मारक पर जुटेंगे तृतीय श्रेणी शिक्षक

**जयपुर।** तृतीय श्रेणी शिक्षकों के तबादलों को लेकर सोमवार को शिक्षक संघ राजधानी स्थित शहीद स्मारक पर जुटेंगे। शिक्षकों का कहना है कि अब तक 13 बार सरकार के समक्ष अपनी बात रखने की आंदोलन करके कोशिश कर चुके हैं, मगर सरकार केवल और केवल झूठे आश्वासन देकर वापस भेज देती है। तृतीय श्रेणी शिक्षक संघर्ष समिति के प्रदेश कार्यकारिणी संयोजक सुनील महला ने बताया कि इस बार शिक्षक सरकार से आर-पार के मूड में है। स्थानांतरण नहीं होने की वजह से करीब तीन लाख शिक्षकों के परिवार प्रभावित हो रहे हैं। अगर प्रत्येक परिवार में पांच भी वोट होंगे तो सरकार पर इसका काफी विपरीत असर पडेगा। धरने के बाद भी सरकार हमारी मांगें नहीं मानती है तो हम जब बीएलओ की पर्ची घर-घर देने जाएंगे तो सरकार के खिलाफ अभियान चलाएंगे।


सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।


**हेरिटेज निगम में घूस प्रकरण:** मुनेश के निलंबन के बाद नए महापौर के लिए शुरू हुई गुटबाजी

# मेयर के खुद इस्तीफा देने का इंतजार किया नहीं दिया तो आधी रात को हटाया

## उधर, मुनेश गुर्जर ने बिना नाम लिए साधा निशाना, बोलीं... मुझे किसने फंसाया पूरा जयपुर जानता है

**बेधड़क** | जयपुर

हेरिटेज निगम में पट्टा दिलाने की एवज में घूस मामले में महापौर पति की गिरफ्तारी के बाद शनिवार देर रात महापौर मुनेश गुर्जर को भी सरकार ने निलंबित कर दिया। उनके पति सुशील गुर्जर के रिश्वत लेने के मामले में उनकी भूमिका भी संदिग्ध मानी जा रही थी। ऐसे में सरकार शनिवार देर शाम उनके इस्तीफे का इंतजार करती रही।

महापौर की ओर से कोई हलचल नहीं होने के बाद रात करीब 2 बजे यूडीएच विभाग ने उनके निलंबन का आदेश जारी किया। इसे सरकार की ओर से भ्रष्टाचार पर कड़ा प्रहार माना जा रहा है। ऐसे में महापौर के पद से मुनेश गुर्जर के निलंबन के साथ ही हेरिटेज निगम में नए महापौर को बनाने के लिए कवायद शुरू हो गई है। चूंकि, हेरिटेज महापौर ओबीसी महिला के लिए आरक्षित है, इसलिए निगम में नए महापौर के लिए चार ओबीसी महिला पार्षदों के नाम पर चर्चा शुरू हो गई है। सरकार जल्द ही नए महापौर का ऐलान कर सकती है।



### नए महापौर के लिए चार नामों पर हो रही गुटबाजी

मुनेश गुर्जर के पति सुशील गुर्जर के एसीबी की गिरफ्त में आते ही हेरिटेज के कांग्रेसी पार्षद नए महापौर के बनने के कयास लगाने लग गए थे। एक तरफ जहां आदर्श नगर के विधायक रफीक खान अपने क्षेत्र के पार्षदों को एकजुट का संदेश दे रहे थे, वहीं दूसरी ओर हवामहल और किशनपोल के पार्षद भी नए महापौर के लिए लामबंद हो रहे थे। ऐसे में मुनेश गुर्जर के निलंबन के बाद से पार्षदों में गुटबाजी बढ़ने के आसार हो गए। वैसे तो नए महापौर के लिए किशनपोल विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 64 की पार्षद नसरीन बानो की प्रबल संभावना बताई गई है, लेकिन हवामहल की पार्षद वार्ड दो की अंजलि ब्रह्मभट्ट और आर्दश नगर से वार्ड 79 की राबिया बहन गुडएज और 85 की सुनीता मावर को भी मैदान में देखा जा रहा है। ऐसे में कांग्रेस में नए महापौर को लेकर गुटबाजी देखी जा रही है।

### फिलहाल ये स्थिति

- कुल सीट 100
- कांग्रेस 47 पार्षद
- भाजपा 42 पार्षद
- निर्दलीय 11 पार्षद

*निर्दलीय 11 में से दो पार्षदों ने भाजपा को समर्थन दिया था। शेष नौ पार्षदों ने कांग्रेस को समर्थन देकर मुनेश गुर्जर को महापौर बना दिया था। महापौर के लिए हुए चुनाव में कांग्रेस को 56 और महापौर को 44 पार्षदों का समर्थन मिला था।*

### न्यायालय पर भरोसा, सच सामने आएगा

शनिवार देर रात 2 बजे स्वायत शासन विभाग ने आदेश जारी कर मुनेश गुर्जर को महापौर के पद से निलंबित करने पर रविवार को मुनेश ने अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि निलंबन करने वालों को पहले नोटिस देना चाहिए था, अधिकारियों की जबावदेही बनती है कि उन्होंने मुझे विधिक रूप से नाटिस नहीं दिया। दूसरी बात यह है कि मैं आज भी कह रही हूं पुरा जयपुर शहर जानता है। पूरा राजस्थान जानता है कि मेरे साथ क्या हो रहा है, किसलिए हो रहा है। मेरे खिलाफ साइन अभियान चलाए गए। एससी—एसटी का केस लगाया गया। मुझे राजनीति का मोहरा बनाया जा रहा है। सभी विभाग मेरे पास हैं, जिसमें सफाई भी होती है, विकास कार्य होते हैं, जिसमें निर्माण भी होते हैं। सारी जनता को पता है कि मेरी कार्यशैली कैसी है। सभी तरह के लोग मेरे घर मुझसे मिलने आते हैं। मुझे नहीं पता कि कौन किस मानसिकता से आता है। मैं खुद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की जीरो टॉलरेंस भी काम कर रही हूं।मैं महापौर के बंगले को छोड़ घर पर ही रह रही हूं। घर पर और ऑफिस में वीडियो कैमरे लगे हुए हैं। सब रिकॉर्ड होता है। पट्टे वाली कोई फाइल सीधे मेरे पास नहीं आती है। वो रिकॉर्ड से आती है। मेरे तो साइन ही सबसे अंत में होते हैं। अब अगर कोई फाइल मेरे घर पर टेकिंग से आई है तो उसकी जांच होनी चाहिए कि वह मेरे पास कहां से आई है। मुझे न्यायालय पर भरोसा है। जांच में सब सच सामने आ जाएगा।

### 3.50 लाख वोटर्स को साधने के लिए पहली बार मुस्लिम मेयर की बन रही संभावना

भले ही सभी पार्षद अपने-अपने गुट से महापौर के नाम को ला रहे हैं, लेकिन आगामी विधानसभा चुनाव के नजदीक होने पर कांग्रेस शहर के करीब 3.50 लाख वोटर पर मुस्लिम वोट पर अपनी पकड़ मजबूत करना चाह रही है। इसलिए हेरिटेज महापौर के लिए मुस्लिम महिला महापौर बनने की प्रबल सम्भावना बन रही है। ऐसे में विधायक रफीक खान और अमीन कागजी दोनों ही अपने-अपने पसंद के पार्षद को महापौर बनवा वोट साधने की जुगत में लग गए है। वहीं, दूसरी ओर कांग्रेस को समर्थन दे रहे निर्दलीय पार्षद भी नए महापौर के नाम पर नजर बनाए हुए हैं। हेरिटेज चुनावों में भाजपा और कांग्रेस में से किसी को भी स्पष्ट बहुमत नहीं मिला था, तब निर्दलीयों के सहारे कांग्रेस अपना महापौर बनाने में सफल रही थी। साथ ही उपमहापौर के लिए भी सिविल लाइंस क्षेत्र के पार्षद लॉबी बनाने में लग गए है। सरकार अगर मुस्लिम महापौर बना देती है तो उपमहापौर असलम फारूकी पर भी तलवार लटक सकती है। ऐसे में मंत्री प्रताप सिंह के करीबी पार्षद मनोज मुदगल को उपमहापौर बनाया जा सकता है। हालांकि, असलम फारूकी अपना पद छोड़ने के मूड़ में नहीं है, इसलिए हवामहल क्षेत्र की अंजलि ब्रह्मभट्ट को महापौर बनाने के लिए हवामहल पार्षद रणनीति बनाने में लग गए।

## भाजपा का विरोध-प्रदर्शन पार्षदों ने बनाई दूरी

एसीबी की कार्रवाई और महापौर निलम्बन के बाद शहर भाजपा ने भी रविवार को विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन शहर भाजपा की ओर से वार्डों में हुआ, लेकिन मुख्य प्रदर्शन बड़ी चौपड़ पर शहर अध्यक्ष राघव शर्मा के नेतृत्व में हुआ। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने बड़ी चौपड़ पर नारेबाजी करते हुए रैली निकाली। उन्होंने मुनेश गुर्जर और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का पुतला जलाया। इस दौरान राघव शर्मा ने कहा कि प्रदेश में ऊपर से नीचे तक हर तरफ भ्रष्टाचार हो रहा है। महापौर ने पट्टे के लिए रिश्वत ली, लाखों रुपए उनके घर से एसीबी ने जब्त किए। फिर भी सरकार ने उन्हें निलम्बित ही किया। हमारी मांग है कि मुनेश गुर्जर को तत्काल गिरफ्तार किया जाए और महापौर पद से बर्खास्त किया जाए। भाजपा के इस प्रदर्शन में हेरिटेज के पार्षदों की ओर से दूरी बनाना कार्यकर्ताओं के बीच चर्चा का विषय बना रहा। इस संबंध में कुछ पार्षदों से बात करने पर उन्होंने कार्यक्रम में आने का निमंत्रण ही नहीं बताया। ऐसे में भाजपा में भी गुटबाजी का असर प्रदर्शन पर दिखाई दिया।



### बीच दौरे से ही लौटे अमीन कागजी, नए महापौर के लिए जुटेंगे विधायक

नए महापौर के चयन के लिए शहर के मंत्री और विधायक भी सर्तक हो गए हैं। किशनपोल विधायक अमीन कागजी निजी दौरे पर चीन गए हुए थे। उन्हें दौरा पूरा कर शुक्रवार तक लौटना था, लेकिन अब वे रविवार देर रात को ही जयपुर पहुंच गए हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि जल्द ही नए महापौर के चयन लिए चारों विधायक बैठक कर सरकार को एक नाम दे सकते हैं। फिलहाल महापौर पद पर चार महिला पार्षदों के नाम चर्चा में हैं।

### बोल बम... तड़ाक बम!



*जयपुर। सावन के महीने में राजधानी के प्रमुख मार्गों पर कावड़ यात्रा की धूम नज़र आ रही है। रविवार को हवा महल के बाहर से कावड़ लेकर जाते हुए कावड़िए। -फोटो: पंकज शर्मा*

**बायोमेट्रिक फेशियल रिकग्निशन प्लेटफॉर्म की होगी शुरुआत**

## एयरपोर्ट पर अब चेहरा होगा बोर्डिंग पास

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर हवाई अड्डे पर जल्द ही बायोमेट्रिक फेशियल रिकग्निशन प्लेटफॉर्म की शुरुआत होगी। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने डीजी यात्रा कार्यक्रम की शुरुआत की है। हवाई यात्रा से पहले घरेलू यात्रियों के लिए अब उनका चेहरा ही उनका बोर्डिंग पास होगा। बोर्डिंग पास के दौरान होने वाले समय खराब और कागजात से भी हवाई यात्रियों को निजात मिलेगी।

यात्री जल्द ही बायोमेट्रिक फेशियल रिकग्निशन प्लेटफॉर्म, डीजी यात्रा पर पंजीकरण करके डीजी यात्रा की सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे। इसको लेकर जयपुर एयरपोर्ट पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और फेशियल रिकग्निशन तकनीक युक्त 'डीजी यात्रा कार्यक्रम' की शुरुआत करेगा। डिजी यात्रा कार्यक्रम को आधारिक रूप से शुरू करने से पहले इसकी बीटा टेस्टिंग ट्रायल एयरपोर्ट के कर्मचारियों के साथ की जाएगी। डिजी यात्रा कार्यक्रम, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और बायोमेट्रिक फेशियल रिकग्निशन तकनीक का उपयोग करता है जो पूरे चेक-इन अनुभव को स्वचालित और तेज करता है, जिससे कागज रहित और संपर्क रहित यात्रा संभव हो पाएगी।




एयरपोर्ट के डिपार्चर गेट 2 से यात्री फेस पॉड्स से चेहरे की पहचान के बाद टर्मिनल भवन में प्रवेश कर सकेंगे। इसी तरह के सिस्टम प्री-सिक्योरिटी होल्ड एरिया में एक समर्पित ई-गेट और टर्मिनल 2 के सभी बोर्डिंग गेटों पर स्थापित किए जा रहे हैं। यह यात्रियों के लिए चेक-इन, सुरक्षा और बोर्डिंग प्रक्रियाओं को भी सरल बनाएगा, जिससे यात्रा तेज और बेहतर हो जाएगी। प्रौद्योगिकी का उपयोग सभी प्रक्रियाओं और प्रत्येक संपर्क बिंदु पर तकनीकी परिवर्तन लाने के लिए किया जाएगा, ताकि यात्री एयरपोर्ट में प्रवेश करने से लेकर विमान में बैठने तक हर प्रक्रिया को सरलता से पार कर सके।

**गहलोत की तत्परता ने दिलाई नायक फिल्म की याद...**

# रात 3 बजे CM को किया फोन, शराब पार्टी पर सुबह 5:30 बजे पड़ गई रेड

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की रविवार को अपराध पर सख्ती देख अनिल कपूर की नायक फिल्म की याद आ गई। मुख्यमंत्री अपराध पर जीरो टॉलरेंस नीति पर कितने सजग हैं, इसकी बानगी रविवार अलसुबह देखने को मिली। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद ज्योति नगर थाना पुलिस ने सहकार मार्ग स्थित टोक्यो बार एंड रेस्टोरेंट में सुबह साढ़े 5 बजे कार्रवाई की। जहां डीजे बज रहा था और शराब पार्टी चल रही थी। पुलिस ने क्लब संचालक रविंद्र सिंह और मैनेजर गगनदीप सिंह को गिरफ्तार किया है। उनके अलावा पुलिस ने 20 लोगों को गिरफ्तार किया और छह गाड़ियां जब्त की है।




### तेज आवाज में बज रहा था डीजे, तो किया फोन

दरअसल हुआ यूं कि सहकार मार्ग पर स्थित टोक्यो क्लब में देर रात तक तेज आवाज में डीजे बज रहा था और कुछ लोग शराब के नशे में झूम रहे थे। ऐसे में आसपास के लोगों की नींद में खलल पड़ रहा था। इस पर परेशान होकर स्थानीय निवासी अनूप राठौड़ ने सीएम गहलोत को रात 3 बजे फोन कर क्लब के बारे में अवगत कराया। इस पर मुख्यमंत्री के निर्देश पर पहुंची पुलिस टीम ने क्लब में छापा मार शराब पार्टी कर रहे 20 के करीब लोगों को गिरफ्तार किया साथ ही छह गाड़िया भी जब्त कीं।

### देर रात तक चल रहे दर्जनों बार-डिस्क

राजधानी में पिछले कुछ समय में डिस्क का चलन बढ़ गया है। वर्तमान में 500 से अधिक छोटे और बड़े डांस बार क्लब चल रहे हैं। इन क्लबों में अवैध रूप से शराब पिलाने से लेकर अश्लील डांस तक परोसा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बार और क्लब खुलने का समय 11 बजे तक का कर रखा है, लेकिन पुलिस की लापरवाही से कई जगह पर देर रात तक चल रहे हैं। ऐसे में सीएम के आदेश के बाद फिर से ऐसे क्लबों पर कार्रवाई की जाएगी।

## इधर, अवैध डांस बार पर छापा, 5 महिलाओं सहित 15 लोग गिरफ्तार

**बेधड़क** | जयपुर

मालवीय नगर थाना पुलिस ने बीयर बार की आड़ में चल रहे अवैध डांस बार पर छापा मारकर 5 महिलाओं सहित 15 लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस को यहां रेड के दौरान महिला डांसर आपत्तिजनक अवस्था में मिली। इसके अलावा यहां लोगों को शराब भी परोसी जा रही थी। जयपुर (पूर्व) डीसीपी ज्ञानचंद यादव ने बताया कि मालवीय नगर थाना प्रभारी पूनम चौधरी को शिकायत मिली कि के अनुसार जगतपुरा रोड पर एक बीयर बार के दूसरे फ्लोर पर संदिग्ध गतिविधि चलने की सूचना मिली। इसके बाद उन्होंने थाने की टीम के साथ मौके पर पहुंचकर दबिश दी तो बीयर बार की दूसरी मंजिल पर गाने बज रहे थे और कई लोग बैठकर शराब पीते हुए आपत्तिजनक हालात में मिले। इसके अलावा लड़कियां अश्लील डांस करती हुई मिली। पुलिस ने केदार प्रसाद, राजेश बाबू, विजय मंगलानी, सुनील कुमार, मोहसिन खान, पवन सोनी, अभिषेक शर्मा, राजा हरदुवानी, विष्णु मीणा, राज भटनागर और 5 महिलाओं को पकड़ा।

## जरूरी खबर

### वैष्णोदेवी के लिए ट्रेन से रवाना हुए 525 तीर्थयात्री



**जोधपुर।** राज्य सरकार की वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना 2023 के तहत राज्य के वरिष्ठ नागरिकों को तीर्थ यात्रा कराने के लिए जोधपुर से वैष्णोदेवी अमृतसर विशेष ट्रेन रविवार को भगत की कोठी से रवाना हुई। इस यात्रा में जोधपुर संभाग से 364, उदयपुर संभाग के 100 एवं ऋषभदेव से 61 यात्री शामिल हुए। आरसीए अध्यक्ष वैभव गहलोत, विधायक मनीषा पंवार व नरेश जोशी ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### मारपीट के आरोपी दो पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

**कोटा।** जिले के अनंतपुरा थाने में युवक के साथ मारपीट के आरोपी ड्यूटी ऑफिसर राधेश्याम और चालक रमेश को लाइन हाजिर कर दिया गया है। दोनों के खिलाफ अब विभागीय जांच की जा रही है। गौरतलब है कि अनंतपुरा थाने में किशन भार्गव के साथ पुलिसकर्मियों ने मारपीट कर दी थी। थाने में मारपीट के बाद जब किशन की तबीयत बिगड़ी तो उसे पुलिस जीप में अस्पताल ले गए और बाहर स्ट्रेचर पर पटक कर आ गए। परिजनों का कहना है कि पुलिसकर्मियों ने बेरहमी से उसके साथ मारपीट की। युवक को मेडिकल कॉलेज के नए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जहां उसका इलाज चल रहा है।

### चार साल से फरार इनामी बदमाश 'मक्खी' को दबोचा



**अलवर।** जिले में भिवाड़ी की पुलिस जिला स्पेशल टीम ने सूर्या गैंग के कुख्यात बदमाश राहुल उर्फ मक्खी को गिरफ्तार किया है। वह भिवाड़ी थाने से अपहरण व वाहन लूट के मामले में करीब 4 साल से फरार चल रहा था। भिवाड़ी पुलिस ने उस पर 3 हजार रुपए का इनाम भी घोषित कर रखा था। शनिवार शाम को डीएसटी टीम को सूचना मिली की राहुल उर्फ मखखी अपने घर वालों से मिलने आया हुआ है। इस पर टीम द्वारा बहादुरगढ़ एसटीएफ को सूचना देकर बदमाश के घर पर होने की पुख्ता जानकारी ली। इसके बाद टीम ने बहादुरगढ़ पहुंचकर एसटीएफ की मदद से दबिश देकर बदमाश को उसके घर से दबोच लिया।

**अभाविप की ओर से निकाली गई यात्रा पहुंची लालसोट,** अभी 121 किलोमीटर का सफर बाकी

# 'न्याय पदयात्रा' में दिख रहा कार्यकर्ताओं का जोश व जज्बा

बेधड़क | दौसा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से भ्रष्टाचार, दुष्कर्म, पेपर-लीक जैसी घटनाओं के विरोध में निकाली जा रही 'न्याय पदयात्रा' में काकर्ताओं का जोश देखते ही बन रहा है।

तेज बारिश और विपरित मौसम और बुखार, जुखाम आदि से पीड़ित होने के बावजूद कार्यकर्ता पदयात्रा के ध्येय को पूर्ण करने में जुटे हुए हैं। कार्यकर्ताओं ने अब तक 60 किलोमीटर की यात्रा पूर्ण कर ली है, अभी 121 किलो मीटर की यात्रा शेष है। पदयात्रा में कार्यकर्ता आमजन से संवाद करते हुए आगे बढ़ रहे हैं। चौथे दिन रविवार को पदयात्रा लालसोट के पिपलाई गांव पहुंची थी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय मंत्री होशियार सिंह मीणा ने कहा कि गहलोत सरकार के शासनकाल में प्रदेश की स्थिति लगातार बिगड़ रही है। समाज का कोई भी वर्ग खुद को सुरक्षित नहीं महसूस कर रहा है। बेरोजगारी के चलते युवा परेशान है। भर्तियां जल्द आती नहीं और आती है तो पेपर लीक की समस्या सामने आ जाती है।



सरकार के नुमाइंदे कानूनी व्यवस्था को ध्वस्त कर रहे हैं। वहीं सरकार भी इन घटनाओं को रोकने की जगह पीड़ितों पर ही दबाव बना रही है। सरकार का संरक्षण प्राप्त अपराधी बेटियों की इज़्ज़त नीलाम कर रहे हैं और पुलिस इन अपराधों के विरुद्ध आवाज उठाने वालों को ही कारागार में डाल रही है।

### प्रदेश में व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार, बदलाव की जरूरत

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जयपुर प्रांत के प्रांत मंत्री शौर्य जैमन ने कहा कि प्रदेश में व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार व्याप्त है और यहां एक बड़े बदलाव की जरूरत है। भ्रष्टाचार के चलते जीवन यापन दुर्लभ हो रहा है और सरकार केवल मलाई खाने में मस्त है। जनता की कमाई को सरकार के लोग अपने निजी जीवन को बेहतर बनाने में लगा रहे हैं। प्रदेश में शैक्षिक परिवेश को बेहतर बनाने और अवसंरचना के विकास के लिए कार्य करने की जगह अपराधी प्रवृत्ति के लोगों को बढ़ावा देने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब बदलाव आएगा और इस बदलाव की धुरी बनेगी अभाविप की यह न्याय पदयात्रा।

### अभाविप के पदाधिकारियों ने कहा बेटियों की इज्जत खतरे में

पदयात्रा में शामिल अभाविप के पदाधिकारियों ने प्रदेश में आए दिन हो रही दुष्कर्म की घटनाओं का एक स्वर में विरोध किया। उन्होंने कहा कि न्याय पदयात्रा के दबाव में कठमूर विधायक बाबूलाल बैरवा के भतीजे की गिरफ्तारी करवा दी गई है, लेकिन यह निर्णय केवल प्रदेश की जनता को भटकाने के लिए लिया गया है। यदि प्रदेश सरकार वास्तविकता में प्रदेश की बेटियों को न्याय दिलाना चाहती है तो ऐसी दुर्दांत घटनाओं में संलिप्त हैवानों को सलाखों के पीछे पहुंचा कर कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए। आज प्रदेश के आमजन के मन में अपनी बहू-बेटियों को लेकर एक डर है। वे उनके भविष्य को लेकर चिंतित है।

**नेशनल हाईवे 89 पर नोखा के पास** भामटसर में हुआ भीषण हादसा

# ट्रेलर से टकराई तेज रफ्तार कार पालिका अध्यक्ष सहित 2 की मौत

बेधड़क | बीकानेर

जिले में तेज रफ्तार ने दो लोगों की सांसे छीन ली। मृतकों में एक रायसिंहनगर (श्रीगंगानगर) नगर पालिका का अध्यक्ष है। हादसे में एक व्यक्ति गंभीर घायल भी हो गया। हादसा नोखा के पास भामटसर में हुआ। यहां सड़क किनारे खड़े ट्रेलर से तेज रफ्तार से आ रही ट्रेन टकरा गई। नोखा सीआई आलोक सिंह ने बताया कि हादसा रविवार सुबह करीब 10:30 बजे भामटसर गांव के पास हुआ।

जोधपुर से बीकानेर की तरफ जा रही एक तेज रफ्तार कार हाईवे पर सड़क किनारे खड़े ट्रेलर में जा घुसी। हादसा इतना भीषण था कि टक्कर के बाद दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं कार के आगे का हिस्सा पूरी तरह से चकनाचूर हो गया। हादसे में एक व्यक्ति गंभीर घायल हो गया, जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा है।



नगर पालिका अध्यक्ष हरीश कुमार



विनोद कुमार

पुलिस ने बताया कि जो कार खड़े ट्रेलर से टकराई उसमें रायसिंहनगर के नगरपालिका अध्यक्ष हरीश डाबी मौजूद थे। उनके साथ पूर्व जिला परिषद के सदस्य विनोद गोदारा भी थे। हादसे में तीन लोगों को गंभीर चोटें आई थीं। उन्हें अस्पताल ले जाया गया। थानधिकारी आलोक सिंह ने बताया कि अस्पताल में अध्यक्ष हरीश डाबी और पूर्व जिला परिषद के सदस्य विनोद गोदारा ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं एक अन्य घायल की हालत गंभीर बताई जा रही है।

पुलिस ने ट्रेलर को जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों घायलों को बीकानेर के पीबीएम अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर भिजवाया।

### गाय को बचाने के चक्कर में हुआ हादसा

नेशनल हाईवे 89 पर भामटसर गांव के पास हुआ यह हादसा सड़क पर अचानक गाय के आने से हुआ। बताया जा रहा है कि गाय को बचाने के चक्कर में यह हादसा हुआ। कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि चालक गाय को बचाने के चक्कर में उस पर नियंत्रण नहीं रख पाया। ऐसे में कार बेकाबू होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई। हादसा सुबह करीब 10:30 बजे हुआ। हादसा होने पर स्थानीय लोग और राहगीर घायलों की मदद के लिए दौड़े और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया। हादसे में घायल संतोष कुमार का उपचार चल रहा है।

## स्कूल की बस ने आठ साल के बच्चे को रौंदा

**मां के साथ पार्क में गया था घूमने**

बेधड़क | धौलपुर

आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग के सर्विस रोड पर पुलिस अधीक्षक आवास के पास में रविवार सुबह मां के साथ घूमकर आ रहे आठ साल के बच्चे को स्कूली बस ने रौंद दिया। इसके चलते बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

मौके पर पहुंची निहालगंज थाना पुलिस ने बच्चे के शव को जिला अस्पताल पहुंचाया। हादसे के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। जानकारी के मुताबिक आरव पुत्र रवि ठाकुर निवासी शास्त्री नगर सेक्टर- 2 रविवार सुबह अपनी मां के साथ शहर के गांधी पार्क में घूमने गया था। पार्क में घूमकर दोनों मां-बेटा वापस अपने घर लौट रहे थे। सुबह करीब 7:45 बजे के आस-पास पुलिस अधीक्षक आवास के नजदीक तेज रफ्तार में आ रही स्कूल की बस में आरव को चपेट में ले लिया। बस के पहिए के नीचे आने से उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसा होते ही बच्चे की मां की चीख-पुकार निकल गई, जिसे सुनकर आस-पास के लोग मदद के लिए दौड़े। लोगों ने हादसे की सूचना निहालगंज थाना पुलिस को दी। घटनास्थल पर पहुंचे थाना प्रभारी अंगद शर्मा ने शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी पहुंचाया।

थाना प्रभारी अंगद शर्मा ने बताया प्रारंभिक जांच में मामला बस चालक की लापरवाही का सामने आया है। आरोपी बस चालक के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर उसपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**राजकीय सम्मान से की अंत्येष्टि**

## शहीद बाबूलाल अमर रहे... जैसे नारों के बीच दी अंतिम विदाई



बेधड़क | शाहपुरा

जम्मू कश्मीर के कुलगाम में आतंकियों से लोहा लेते हुए शहीद हुए जयपुर के लाल बाबूलाल जाट का रविवार को उनके पैतृक गांव हनुतपुरा में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। शहीद बाबूलाल को उनके दोनों बेटों विशाल (18) और विशेष (14) ने मुखाग्नि दी।

इस दौरान भारत माता की जय... और शहीद बाबूलाल अमर रहे... जैसे नारों से माहोल गूंज उठा। शहीद के सम्मान में लगाए गए गगनभेदी नारों के बीच परिजनों और ग्रामीणों ने नम आंखों से शहीद को अंतिम विदाई दी। शहीद की अंतिम यात्रा में जनसैलाब उमड़ पड़ा। शहीद की अंतिम यात्रा पर जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर उनकी शहादत को सलाम किया। गौरतलब है कि शनिवार को जम्मू कश्मीर के कुलगाम में आतंकियों से मुठभेड़ के दौरान बाबूलाल जाट (38) शहीद हो गए थे।

अंतिम संस्कार से पूर्व प्रदेश के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने शहीद की पार्थिव देह पर पुष्प चक्र अर्पित कर उन्हें श्रृद्धांजलि अर्पित की। इसके अलावा भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राज्यवर्धन सिंह राठौड़, शाहपुरा विधायक आलोक बेनीवाल सहित कई विशिष्ठ लोगों ने शहीद को श्रृद्धासुमन अर्पित किए। शनिवार शाम को शहीद के पैतृक गांव मनोहरपुरा के पास खोरालाडखानी तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। शहीद बाबूलाल जाट को राजस्थान पुलिस और भारतीय सेना ने 'गारद सलामी' दी। पुलिस के अनुसार इस अवसर पर सेना, पुलिस और प्रशासन के अधिकारी भी मौजूद रहे।

**स्मार्ट सिटी के पैसों का** दुरुपयोग करने का आरोप

## आनासागर में पाथ-वे बनाने वाले अफसर-ठेकेदारों पर हो कार्रवाई

बेधड़क | अजमेर

उपमहापौर नीरज जैन ने राजस्थान और केंद्र सरकार से मांग की है कि स्मार्ट सिटी के पैसे से निर्मित सेवन वंडर और पाथ-वे का नियम विरुद्ध निर्माण करने वाले अधिकारियों और ठेकेदारों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने बताया कि इस संदर्भ में पूर्व में शिकायत की गई थी।

इस पर अधिकारियों ने एनजीटी सहित जांच के लिए आए अधिकारियों की आंखो में धूल झौंक कर निर्माण कार्य पूरा कर दिया गया। इस निर्माण के दौरान आना सागर झील के सीने को छलनी कर दिया है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि इस नुकसान की व्यक्तिगत रूप से वसूली की जाए एवं दोषियों पर कानूनी कार्रवाई की जाए। जैन ने कहा कि आनासागर के सीने में मिट्टी भर कर किए गए अवैध निर्माणों के कारण ही इसकी जल भराव की क्षमता कम हो गई। इसके चलते आना सागर का पानी घरों और कॉलोनियों तक पहुंच रहा है और लोगों को कॉलोनियों के डूबने की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है।



जैन ने कहा कि ये निर्माण ठेकेदारों और भूमाफियाओं को फायदा पहुंचाने के लिए किया गया है। एनजीटी के आदेश के बाद ये स्पष्ट हो गया है कि इन अधिकारियों की भू-माफियाओं और ठेकेदारों के साठ-गांठ थी।

**सीआईडी सीबी की सूचना पर** चित्तौड़गढ़ जिले में बड़ी कार्रवाई

## 1.40 करोड़ का डोडा-पोस्त जब्त, 3 धरे

बेधड़क | चित्तौड़गढ़

अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत सीआईडी क्राइम ब्रांच जयपुर की सूचना पर चित्तौड़गढ़ जिले के थाना निकुंभ एवं सदर थाना क्षेत्र में पुलिस ने कार्रवाई कर 13 क्विंटल 77 किलो डोडा-पोस्त जब्त किया है। वहीं टीम ने तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। वहीं नाबालिक को निरुद्ध किया गया है।

डोडा-पोस्त की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 1.40 करोड़ रुपए है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि सीआईडी क्राइम ब्रांच के एएसआई बनवारीलाल, हेड कांस्टेबल राकेश और महावीर सिंह व कांस्टेबल रमेश को मिली सूचना के बाद टीम का गठन किया गया। टीम ने जिले के थाना निकुंभ व थाना सदर क्षेत्र में मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ कार्रवाई की।



थाना सदर क्षेत्र में पुलिस ने केआईए कंपनी की नवनिर्मित गाड़ियों को ले जा रहे एक ट्रेलर को रोककर तलाश ली। इस दौरान कारों की आड़ में 45 कट्टों में तस्करी कर ले जाया जा रहा 880 किलोग्राम डोडा-पोस्त जब्त किया गया। वहीं चालक जितेन निवासी कालिया खेड़ी मंदसौर को गिरफ्तार कर एक नाबालिक को निरुद्ध किया गया।

ट्रेलर लेकर तमिलनाडु से जयपुर के लिए निकले आरोपियों ने मंदसौर से नशे की खेप उठाई थी। इसे भीलवाड़ा में सप्लाई किया जाना था। दूसरी कार्रवाई थाना निकुंभ क्षेत्र के उठैल गांव में की गई। यहां तुलसी राम जाट व एक महिला के मकानों की तलाशी में 497 किलो डोडा-पोस्त जब्त कर दोनों को गिरफ्तार किया गया।

**पूज्य सिंधी हाड़ोती पंचायत के शपथ ग्रहण समारोह में बोले यूडीएच मंत्री**

# सिंधी समाज ने मेहनत और ईमानदारी से हासिल की प्रतिष्ठा: धारीवाल

बेधड़क | कोटा

नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल ने कहा कि सिंधी समाज ने अपनी मेहनत और ईमानदारी से अपनी प्रतिष्ठा बनाई है।

वहीं जब-जब राजस्थान में कांग्रेस की सरकार आई तब समाज द्वारा की गई मांग को प्रमुखता से पूरा किया गया। यही नहीं बिना मांग के भी सिंधी समाज का कांग्रेस सरकार में हमेशा ख्याल रखा है। मंत्री धारीवाल ने ये बात रविवार को गुमानपुरा स्थित संत कंवर राम धर्मशाला में आयोजित पूज्य सिंधी हाड़ती पंचायत समिति के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में कही।




वे इस समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण करवाई और उन्हें आगामी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी।

समारोह के दौरान जिला अध्यक्ष रविंद्र त्यागी, समिति संरक्षक गिरधारी पंजवानी, अध्यक्ष सतीश गोपलानी, महामंत्री प्रकाश मलकानी, महेश आहूजा, पार्षद सुमन पेसवानी समेत समिति के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या समाज के लोग मौजूद रहे।

### भाजपा पर साधा निशाना

शपथ ग्रहण समारोह में सिंधी समाज को संबोधित करते हुए मंत्री धारीवाल ने भाजपा को भी आड़े हाथों लेते हुए कहा कि भाजपा ने समाज को सामाजिक कार्यों के लिए कभी कोई भूखंड आवंटित नहीं किया, जबकि भाजपा सरकार में सिंधी समाज के ही यूडीएच मंत्री हुआ करते थे। उन्होंने कहा कि निगम चुनाव में भी कांग्रेस ने समाज को चार टिकट दिए। जबकि बीजेपी ने सिंधी समाज के किसी व्यक्ति को मौका नहीं दिया। उन्होंने भाजपा सरकार के दौरान हेमू कालानी भवन को अभय कमांड सेंटर में तब्दील किए जाने की भी जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा सरकार के वक्त हेमू कालानी भवन भी समाज से छीन लिया गया। अभय कमांड सेंटर को कहीं और भी बनाया जा सकता था।

### कोमल धारीवाल की पुण्यतिथि पर हुए कई कार्यक्रम

नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल की पत्नी स्वर्गीय कोमल धारीवाल की पुण्यतिथि के मौके रविवार को कोटा में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस कड़ी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से अस्पतालों में रोगियों को फल वितरित किए गए। वहीं हाडोती विकास मोर्चा की ओर से शहर की सभी इंदिरा रसोइयों में लोगों को निशुल्क भोजन करवाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। एमबीएस अस्पताल स्थित इंदिरा रसोई में आयोजित कार्यक्रम में यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल और उनके पुत्र अमित धारीवाल शामिल हुए। उन्होंने जरूरतमंद लोगों को भोजन कराया। इस मौके पर हाडोती विकास मोर्चा के संयोजक राजेंद्र सांखला, महापौर राजीव भारती, पूर्व उपमहापौर राकेश सोरल, डॉ. जफर मोहम्मद, अनिल सुवालका, शहर एसपी शरद चौधरी, उप अधीक्षक आशीष भार्गव, मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. संगीता सक्सेना, अस्पताल अधीक्षक डॉ. धर्मराज मीणा सहित बड़ी संख्या में हाड़ोती विकास मोर्चा के पदाधिकारी सदस्य एवं कांग्रेस कार्यकर्ता व स्थानीय नागरिक मौजूद रहे






# ऑनलाइन समंदर में सर्च की डूबकी

इंटरनेट के ऑनलाइन के सागर में किन बातों-शब्दों का बजता है डंका

## गूगल सर्च में किसका जपा जा रहा नाम
## महिला-पुरुष सबकी अपनी-अपनी पसंद
## क्रिकेट से लेकर राजनीति तक

ऑनलाइन या इंटरनेट मानों एक समंदर है, ऐसा समंदर जिसकी तह को पता लगाना अब मानो नामुमकिन होता नजर आ रहा है। एक दिन में इंटरनेट पर हजारों लाखों नहीं करोड़ों शब्द सर्च किए जाते हैं। दुनिया के अलग-अलग कोनों में बैठे लोग सर्च इंजन पर अपने पसंदीदा शब्दों के जरिए नई-नई जानकारियां तलाशते रहते हैं। इन्हीं सर्च इंजन में एक पावरफुल सर्च इंजन है गूगल। गूगल अब हमारी आम जिंदगी का एक हिस्सा सा बन गया है। सुबह उठने से लेकर रात में सोने तक हम किसी ना किसी तरह गूगल का सहारा ले ही लेते हैं। अब सवाल यह है कि गूगल पर सबसे ज्यादा क्या तलाशा जाता है, आइए इस सवाल का जवाब तलाशते हैं।




## महिलाएं नहीं किसी से पीछे

ताजा आंकड़ों के अनुसार भारत में चीन के बाद दुनिया में सबसे ज्यादा इंटरनेट यूजर्स हैं। पिछले चार साल में डेटा का इस्तेमाल सोलह गुना बढ़ा है। ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं इंटरनेट कम यूज करती हैं। 15 से 49 एज ग्रुप की महिलाएं ज्यादा इंटरनेट इस्तेमाल करती हैं। हाल ही में गूगल ने अपने सर्च रिजल्ट्स की एक रिपोर्ट पेश की है। इसमें महिलाओं के इंटरनेट यूज करने से जुड़ी कई दिलचस्प बातों का खुलासा हुआ है। नई रिपोर्ट के मुताबिक देश में कुल 65.2 करोड़ इंटरनेट यूजर्स में से भारत में 33.3 प्रतिशत महिलाएं अब ऑनलाइन हैं और रोजमर्रा की जिंदगी को बेहतर बनाने के लिए इंटरनेट का इस्तेमाल करती हैं, जिसमें 75% महिलाएं 15-34 एज ग्रुप की हैं। इंटरनेट यूजर्स व सर्चिंग में महिलाओं की संख्या पुरुषों से अधिक हो गई है।

## महिलाएं किन टॉपिक्स तो तलाशती हैं

गूगल की नई रिपोर्ट कहती है कि भारत में कुल 65.2 करोड़ इंटरनेट यूजर्स हैं और उनमें से 33.3 प्रतिशत महिलाएं हैं जो अपने काम के लिए इंटरनेट का इस्तेमाल करती हैं। कम उम्र की लड़कियां ज्यादातर अपने कॅरिअर से जुड़ी जानकारी सर्च करती हैं जैसे कौन से कॉलेज को चुनें, आगे क्या करें, कैसे कॅरिअर ऑप्शन चुनें जाएं। ऑनलाइन शॉपिंग साइट्स पर अधिकतर कपड़ों को सर्च किया जाता है और नए कलेक्शन्स से लेकर ऑफर और डिस्काउंट ऑप्शन की बातें भी सर्च की जाती हैं। हालांकि, सारी रिपोर्ट्स में ये बात सामने आ चुकी है कि ऑनलाइन वर्चुअल विंडो शॉपिंग को लेकर बहुत कुछ सर्च किया जाता है। इसके अतिरिक्त देसी नुस्खे, गोरे बनने के हैक्स, घर पर वैक्सिंग कैसे करें आदि घरेलू नुस्खे और ब्यूटी ट्रीटमेंट्स के बारे में भी बहुत ज्यादा सर्च किया जाता है, इसमें कई सर्च रिजल्ट्स फैशन से जुड़ी जानकारी भी होती है। वहीं, इसमें मेहंदी डिजाइन, रंगोली डिजाइन, होम डेकोर डिजाइन आदि बहुत ज्यादा सर्च किया जाता है। इसमें सबसे अधिक मेहंदी डिजाइन है। इस एज ग्रुप की लड़कियां ज्यादातर रोमांटिक गानों को सर्च किया करती हैं और इसमें रोमांटिक शायरियां भी होती हैं।





## पुरुष क्या करते हैं सर्च?



इंटरनेट या गूगल पर पुरुष क्या सर्च करते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक लड़के गूगल पर जो सबसे ज्यादा सर्च करते हैं, उसमें सेक्सुअलिटी पहले स्थान पर है। रिपोर्ट के अनुसार हर साल 68 हजार पुरुष और लड़के पुरुषत्व से जुड़ी बातें सर्च करते हैं। गूगल पर लड़के जो बात सबसे ज्यादा सर्च करते हैं, उसमें दूसरे स्थान पर है दाढ़ी को लेकर सर्च। लड़के यह सर्च करते हैं कि शेविंग करने से उनकी दाढ़ी के बाल ज्यादा बढ़ते हैं या नहीं और दाढ़ी को घना बनाने के क्या उपाय हैं। लड़कों के गूगल सर्च बिहेवियर को देखकर यह कहा जा सकता है कि लड़कियों की तरह लड़कों को भी अपने बालों की चिंता रहती है। इसी के साथ लड़के बॉडी बनाने के तरीकों के लिए सर्च भी करते हैं। लड़के, बॉडी बनाने के लिए कौन सा वर्कआउट करें और कौन सा प्रोटीन शेक पियें, इस तरह के सर्च खूब होते हैं।

इसके अलावा लड़कों के टॉप गूगल सर्च में ब्रेस्ट कैंसर भी शामिल है, हालांकि ब्रेस्ट कैंसर महिलाओं में कॉमन है, लेकिन लड़के ये जानना चाहते हैं कि क्या पुरुषों को भी ब्रेस्ट कैंसर हो सकता है। अगर ऐसा होता है तो इसका पता कैसे चलेगा, इसका कितना प्रतिशत चांस है। रिपोर्ट में लड़के गूगल पर जो बात सबसे ज्यादा सर्च करते हैं, उसमें यह भी शामिल है कि लड़कियों को कैसे इम्प्रेस किया जाए, उन्हें क्या पसंद है और कौन सी बातें बिल्कुल अच्छी नहीं लगती।

## CRICBUZZ की रही है खूब धूम



जैसा कि हम सभी जानते हैं कि गूगल दुनिया का सबसे बड़ा और पावरफुल सर्च इंजन है। इंटरनेट लाइव स्टेटस 2022 के मुताबिक हर सेकंड गूगल पर 99,000 कीवर्ड सर्च किया जाता है। इस हिसाब से अगर आप एक महीने का आंकड़ा निकालने चलेंगे तो आपका कैलकुलेटर शायद काम नहीं करेगा, लेकिन आखिर इतने सर्च में गूगल पर सबसे ज्यादा क्या सर्च किया जाता है। इस रिपोर्ट के मुताबिक गूगल पर सबसे ज्यादा सर्च किए जाने वाले जो 10 कीवर्ड हैं उनमें Cricbuzz, Weather, Facebook, WhatsApp Web, Translate, Amazon, Sarkari Result, Flipkart और Instagram आदि शामिल हैं। भारत में सरकारी रिजल्ट गूगल पर सबसे ज्यादा सर्च किए जाने वाले की वर्ड्स में से एक है। Cricbuzz भारत सहित पूरी दुनिया में गूगल पर सबसे ज्यादा सर्च किया जाने वाला कीवर्ड है। वार्षिक औसत के हिसाब से देखें तो cricbuzz कीवर्ड को दुनियाभर में 213,000,000 बार सर्च किया जाता है। इसके बाद Weather को 189,000,000 बार और Facebook को 140,000,000 बार सर्च किया जाता है। सबसे ज्यादा सर्च किए जाने वाले की-वर्ड्स में फेसबुक, इंस्टाग्राम और ट्विटर का नाम भी आता है।

## आईपीएल रहा है सबसे आगे

गूगल ने अपनी 'ईयर इन सर्च 2022' रिपोर्ट जारी की थी। इसमें भारत में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को सबसे ज्यादा सर्च किया गया है, यह देश में सबसे अधिक सर्च किया जाने वाला खेल भी है। इसके बाद COWIN दूसरे नंबर पर रहा था, यह एक सरकारी वेब पोर्टल है जो COVID-19 टीकों के लिए रजिस्ट्रेशन की सुविधा देता है और डिजिटल वैक्सीन सर्टिफिकेट जारी करता है। तीसरे नंबर पर फीफा विश्व कप था। चौथे और पांचवें नंबर पर एशिया कप और आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप को सर्च किया गया। छठे नंबर पर बॉलीवुड ब्लॉकबस्टर ब्रह्मास्त्र: पार्ट वन -शिवा, साथ पर ई-श्रम कार्ड, आठ पर कॉमनवेल्थ गेम्स, नौ पर केजीएफ चैप्टर 2 और दस पर इंडियन सुपर लीग रहा।

## सर्च में तलाशे गए इनके सबसे ज्यादा नाम

पिछले साल की Google 'Year in Search' नाम की लिस्ट में ये बताया गया था कि इस साल सबसे ज्यादा किन चीजों को सर्च किया गया। इस लिस्ट के हिसाब से पीपल कैटेगरी में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, सुष्मिता सेन, ऋषि सुनक जैसे तमाम लोगों के नाम हैं, जिन्हें साल 2022 में सबसे ज्यादा गूगल पर सर्च किया गया।



**नूपुर शर्मा:** पीपल कैटेगरी की लिस्ट में सबसे पहला नाम नूपुर शर्मा का रहा। नूपुर शर्मा ने एक टीवी चैनल की डिबेट के दौरान एक विवादित बयान दे दिया था, जिसके बाद देश भर में उनके खिलाफ कई प्रदर्शन हुए और बीजेपी ने भी उन्हें निष्कासित कर दिया। नूपुर के खिलाफ कई मामले दर्ज हुए थे।



**ललित मोदी और सुष्मिता सेन:** गूगल की लिस्ट में पीपुल कैटेगरी में चौथे नंबर पर ललित मोदी का नाम रहा था और पांचवें पर सुष्मिता सेन का नाम रहा था। ये दोनों तब चर्चा में आए थे जब ललित मोदी ने सुष्मिता सेन के साथ अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर किया था। उनका ये ट्वीट काफी तेजी से वायरल हुआ और इसके बाद ललित मोदी और सुष्मिता सेन को सोशल मीडिया पर जमकर ट्रोल किया गया।



**द्रौपदी मुर्मू:** दूसरे नंबर पर द्रौपदी मुर्मू का नाम रहा था। भारत की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति होने के कारण द्रौपदी मुर्मू चर्चा में रहीं। झारखंड की राज्यपाल रह चुकीं द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति चुनाव में विपक्षी दलों के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा को भारी अंतर से हराया था।



**ऋषि सुनक:** पीपुल की कैटेगरी में तीसरा नाम ऋषि सुनक का है, वे ब्रिटेन के प्रधानमंत्री हैं। पीएम चुने जाने पर भारतीय मूल के ऋषि सुनक की हिन्दू पहचान की सोशल मीडिया से लेकर पश्चिमी मीडिया तक खूब चर्चा रही। ऋषि सुनक का ब्रिटेन की राजनीति में बहुत तेज़ी से उदय हुआ। उन्होंने 2015 में 35 साल की उम्र में पहली बार संसद का चुनाव जीता। केवल सात वर्षों में वो ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बन गए।

कन्टेंट/ डिजाइन : अजय कुमार शर्मा/विमल सिंह तंवर

### पटना हाई कोर्ट से जातीय जनगणना को मिली हरी झंडी

# गर्भ में छिपी डरावनी आशंकाएं



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ साहित्यकार
व पत्रकार

पटना उच्च न्यायालय ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित तिथि के भीतर बिहार में जातीय जनगणना को लेकर उठ रहे सवालों पर सुनवाई पूरी कर फैसला सुना दिया। मुख्य न्यायाधीश के विनोद चंद्रन एवं पार्थ सार्थी की खंडपीठ ने लगातार पांच दिन याचिकाकर्ताओं और बिहार सरकार की दलीलें सुनने के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की इस महत्वाकांक्षी परियोजना को हरी झंडी दे दी। यह गिनती एक सर्वे की तरह होगी। हालांकि याचिकाकर्ताओं ने कहा कि इस निर्णय से वे नाखुश हैं और सर्वोच्च न्यायालय जाएंगे। न्यायालय का आदेश होते ही बिहार सरकार ने फिर से जाति जनगणना शुरू कराने का आदेश जारी कर दिया। केंद्र सरकार द्वारा जातीय जन-गणना करने से मना करने के बावजूद नीतीशकुमार ने बिहार में जाति आधारित जनगणना शुरू कर दी थी। अब अदालत की अनुमति के बाद तो इसे आगे बढ़ना ही है। इससे क्या सामाजिक लक्ष्य हासिल होंगे, यह तो भविष्य के गर्भ में हैं, लेकिन जाति आधारित राजनीति को बल मिलने के साथ जाति आधारित आरक्षण की मांग जरूर पुरजोरी से उठने लग जाएगी। अन्य राज्य भी इसके परिणाम देखकर आरक्षण की मांग करने लगेंगे।

इस गिनती में एक अच्छी बात है कि इसमें सभी जाति समूह के लोगों की आर्थिक स्थिति का भी सर्वेक्षण किया जाएगा। इस सर्वे के बाद यह तय होगा कि बिहार समेत देश में वर्गों में बंटे समाज का भविष्य क्या होगा? पहले चरण में बिहार के घरों को सूचीबद्ध किया जाएगा। दूसरा चरण में 26 तरह की सूचनाएं दर्ज की जाएंगी। यह एक तरह से बिहार में भौगोलिक, सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक आधारों की सच्चाई लाने वाला पहला आंकलन होगा। जाति आधारित ये जो आंकड़े आएंगे, बिहार के सामाजिक भविष्य की विकास योजनाएं इसी आधार पर लागू की जाएंगी। यह तथ्य अपनी जगह ठीक हो सकता है कि जाति, शिक्षा और आर्थिक आधार पर एकत्रित आंकड़े जनकल्याणकारी योजनाओं को अमल करने में मदद कर सकते हैं। लेकिन आरक्षण को लेकर समाज में जो दुविधाएं और कुंठाएं पनप रही हैं, वहीं परिणति जाति आधारित गणना में भी देखने को मिल सकती है? क्योंकि आरक्षण का आधार तो जाति आधारित गिनती ही है। देश के सभी राजनीतिक दल जातीय समीकरण के आधार पर ही चुनाव में टिकट बांटते हैं। सपा, बसपा, जनता दल, जदयू और असदुद्दीन ओवैसी का दल एआईएमआईएम तो संप्रदाय आधारित हैं।

इस लिहाज से यह कहना गलत नहीं लगता कि जातीय गिनती से समाज की संरचना दूषित होगी? वर्तमान में अनुसूचित जातियों और जनजातियों की गिनती जातीय आधार पर ही होती है, फिर भी जातीय ताना-बाना अपनी जगह बदस्तूर है। नीतीश कुमार ने तो अति-पिछड़ी और अति-दलित जातियों के विभाजन के आधार पर ही जदयू का वजूद कायम किया हुआ है। भाजपा अब इसमें सेंध लगा रही है। नब्बे के दशक में वीपी सिंह के प्रधानमंत्री रहते हुए जब मंडल आयोग की सिफारिशें लागू की थीं, तब से जातीय गणना की मांग तीव्रता से उठती रही है। बिहार समेत अन्य प्रांतों से यह मांग भिन्न विचारधारा वाले राजनीतिक दल उठाते रहे हैं। दरअसल मंडल के बाद मुलायम सिंह, लालू प्रसाद, शरद यादव और नीतिश कुमार ने इस राजनीति को धार दी। इसी का परिणाम निकला कि उत्तर-प्रदेश और बिहार में यह राजनीति कांग्रेस को बेदखल करके उत्कर्ष पर पहुंची।




*संत कबीरदास ने जातिवाद को ठेंगा दिखाते हुए कहा भी, जाति न पूछो साधु की, पूछ लीजियो ज्ञान। मोल करो तलवार का, पड़ी रहने दो म्यान। महात्मा गांधी के जाति प्रथा तोड़ने के प्रयास तो इतने अतुलनीय थे कि उन्होंने 'अछूतोद्धार' जैसे आंदोलन चलाकर भंगी का काम दिनचर्या में शामिल कर उसे आचरण में आत्मसात किया। भगवान महावीर, संत रैदास, राजा राममोहन राय, दयानंद सरस्वती, विवेकानंद, ज्योतिबा फुले, अंबेडकर ने जाति तोड़क अनेक प्रयत्न किए।*

*"वर्ष 2011 की जनगणना के साथ अलग से एक प्रारूप पर सामाजिक, आर्थिक और जाति आधारित जनगणना की गई थी, किंतु मूल जनगणना के साथ की गई इस गिनती के आंकड़ें न तो मनमोहन सिंह सरकार ने उजागार किए और ना ही नरेंद्र मोदी सरकार ने। इस तरह की गणना की मांग करने वाले नेताओं का कहना है कि इसके निष्कर्ष से निकले आंकड़ों के आधार पर जिन जातियों की जितनी संख्या है, उस आधार पर कल्याणकारी योजनाओं के साथ सरकारी नौकरियों में आरक्षण का लाभ मिले, लेकिन यदि हमारे नीति-नियंताओं में जरा भी दूरदृष्टि है तो पहले इस विषय पर एक राष्ट्रीय विमर्श कराएं और फिर इससे निकले निष्कर्ष पर अमल करें।"*

डॉ. राममनोहर लोहिया की समाजवादी वैचारिकता से उदय हुई इस राजनीति का नारा है कि 'जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी।' हालांकि इन्हीं मांगों के चलते 2011 की जनगणना के साथ अलग से एक प्रारूप पर सामाजिक, आर्थिक और जाति आधारित जनगणना की गई थी। किंतु मूल जनगणना के साथ की गई इस गिनती के आंकड़े न तो मनमोहन सिंह सरकार ने उजागार किए और ना ही नरेंद्र मोदी सरकार ने। इस तरह की गणना की मांग करने वाले नेताओं का कहना है कि इसके निष्कर्ष से निकले आंकड़ों के आधार पर जिन जातियों की जितनी संख्या है, उस आधार पर कल्याणकारी योजनाओं के साथ सरकारी नौकरियों में आरक्षण का लाभ मिले, लेकिन यदि हमारे नीति-नियंताओं में जरा भी दूरदृष्टि है तो पहले इस विषय पर एक राष्ट्रीय विमर्श कराएं और फिर इससे निकले निष्कर्ष पर अमल करें।

दरअसल जातिगत जनगणना एक ऐसा मुद्दा है, जिसमें सतह पर तो खूबियां दिखाई देती हैं, लेकिन अनेक डरावनी आशंकाएं भी इसके गर्भ में छिपी हैं। बहरहाल आनन-फानन में ऐसे गंभीर मुद्दे पर कोई आसान निर्णय भविष्य में कठिन साबित हो सकता है? हालांकि भारत में 1931 की जनगणना जाति के आधार पर हुई थी। इसी आधार पर यह अनुमान लगाया गया है कि पिछड़े वर्ग की आबादी 52 फीसदी है, जिसे इस गणना के पैरोकार 60 फीसदी तक मानते हैं। 2011 में जिलेवार जातियों का नमूने के आधार पर पिछड़ेपन का आंकलन किया गया था, लेकिन इसके नतीजे विसंगतिपूर्ण देखने में आए। निष्कर्षतः कोई जाति एक जिले या एक प्रांत में पिछड़ी थी, तो वही जाति दूसरे प्रांत में सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक रूप में सक्षम व संपन्न थी। राजस्थान में मीणा समुदाय, जहां समर्थ है, वहीं मध्यप्रदेश में पिछड़ा है। इस कारण मध्यप्रदेश में यह जाति आरक्षण के दायरे में आती है। साफ है, जातिगत गणना के परिणामों को संख्या बल के आधार पर आरक्षण दिया जाता है तो समाज में विषमता के साथ कटुता भी उत्पन्न होगी। बृहत्तर हिन्दू समाज (हिन्दू, जैन, बौद्ध, सिख) में जिस जातीय संरचना को ब्राह्मणवादी व्यवस्था का दुष्चक्र माना जाता है, हकीकत में यह व्यवस्था इतनी पुख्ता है कि इसकी तह में जाना मुश्किल है। मुस्लिम समाज में भी जाति प्रथा पर पर्दा डला हुआ है। अभिजात्य मुस्लिम वर्ग यही स्थिति बनाए रखना चाहता है, जबकि मुसलमानों की सौ से अधिक जातियां हैं, परन्तु इनकी गिनती का भी पहचान का आधार धर्म और लिंग है।

शायद इसीलिए आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने कहा है कि 'जाति ब्राह्मणवादी व्यवस्था का कुछ ऐसा दुष्चक्र है कि हर जाति को अपनी जाति से छोटी जाति मिल जाती है। यह ब्राह्मणवाद नहीं है, बल्कि पूरी की पूरी एक साइकिल है। अगर यह जाति चक्र एक सीधी रेखा में होता तो इसे तोड़ा जा सकता था। यह वर्तुलाकार है। इसका कोई अंत नहीं है।' अर्थात इससे मुक्ति का कोई उपाय नहीं है। वैसे भी धर्म के बीज-संस्कार जिस तरह से हमारे बाल अवचेतन में, जन्मजात संस्कारों के रूप में बो दिए जाते हैं, कमोबेश उसी स्थिति में जातीय संस्कार भी नादान उम्र में उड़ेल दिए जाते हैं। इस तथ्य को एकाएक नहीं नकारा जा सकता कि जाति एक चक्र है। यदि जाति चक्र न होती तो अब तक टूट गई होती। जाति पर जबरदस्त कुठाराघात महाभारत काल के भौतिकवादी ऋषि चार्वाक ने किया था। उनका दर्शन था, 'इस अनंत संसार में कामदेव अलंघ्य हैं। कुल में जब कामिनी ही मूल है तो जाति की परिकल्पना किसलिए? इसीलिए संकीर्ण योनि होने से भी जातियां दुष्ट, दूषित या दोषग्रस्त ही हैं, इस कारण जाति एवं धर्म को छोड़कर स्वेच्छाचार का आचरण करें।'

गौतम बुद्ध ने भी जो राजसत्ता भगवान के नाम से चलाई जाती थी, उसे धर्म से पृथक किया। बुद्ध धर्म, जाति और वर्णाश्रित राज व्यवस्था को तोड़कर समग्र भारतीय नागरिक समाज के लिए समान आचार संहिता प्रयोग में लाए। चाणक्य ने जन्म और जातिगत श्रेष्ठता को तिलांजलि देते हुए व्यक्तिगत योग्यता को मान्यता दी। गुरुनानक देव ने जातीय अवधारणा को अमान्य करते हुए राजसत्ता में धर्म के उपयोग को मानवाधिकारों का हनन माना। संत कबीरदास ने जातिवाद को ठेंगा दिखाते हुए कहा भी, जाति न पूछो साधु की, पूछ लीजियो ज्ञान। मोल करो तलवार का, पड़ी रहने दो म्यान।

महात्मा गांधी के जाति प्रथा तोड़ने के प्रयास तो इतने अतुलनीय थे कि उन्होंने 'अछूतोद्धार' जैसे आंदोलन चलाकर भंगी का काम दिनचर्या में शामिल कर, उसे आचरण में आत्मसात किया। भगवान महावीर, संत रैदास, राजा राममोहन राय, दयानंद सरस्वती, विवेकानंद, ज्योतिबा फुले, अम्बेडकर ने जाति तोड़क अनेक प्रयत्न किए, लेकिन जाति है कि मजबूत होती चली गई। मसलन इतने सार्थक प्रयासों के बाद भी क्या जाति टूट पाई? नहीं, क्योंकि कुलीन हिन्दू मानसिकता, जातितोड़क कोशिशों के समानांतर अवचेतन में पैठ जमाए बैठे मूल से अपनी जातीय अस्मिता और उसके भेद को लेकर लगातार संघर्ष करती रही है। इसी मूल की प्रतिच्छाया हम पिछड़ों और दलितों में देख सकते हैं। मुख्यधारा में आने के बाद न पिछड़ा, पिछड़ा रह जाता है और न दलित, दलित। नतीजतन जातीय संगठन और दल भी अस्तित्व में आ गए। अतएव बिहार में जातिगत आंकड़े आने के बाद यदि उन्हें आरक्षण और लाभदायी योजनाओं का आधार बनाया जाता है तो जातिगत खाई और चौड़ी होगी, जो समाज, राज्य और देश तक को बड़ी हानि पहुंचा सकती है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

### व्यंग्य

## भ्रष्टाचार जी के नाम खुला पत्र



गोविंद सेन
व्यंग्यकार


*आदरणीय भ्रष्टाचार जी,*
*सादर चरण स्पर्श।*

आपकी कृपा से मैं यहां सानंद हूं और पूरा विश्वास है कि आप भी यत्र-तत्र-सर्वत्र मजे में होंगे। आपके मंगलमयी होने के प्रमाण चारों ओर से मिलते ही रहते हैं। पिछले दिनों आपको समाप्त करने की खबर पढ़ककर थोड़ी चिन्ता हुई। वैसे मुझे आपकी अमरता पर कोई संदेह नहीं है। मैं अच्छी तरह से जानता हूं कि अच्छे-अच्छे श्रीमान् स्वच्छ आपको समाप्त करने आए और खुद समाप्त होकर चले गए। फिर भी शत्रु को कभी कमजोर नहीं समझना चाहिए। अपनी शक्ति को निरन्तर बढ़ाते रहना चाहिए। आप अपना मनोबल बनाएं रखें। आप सर्वशक्तिमान हैं। एक हितैषी होने के नाते मैं आपको आपकी असीम शक्ति का स्मरण कराना अपना परम कर्तव्य समझता हूं। आप निराकार ब्रह्म की तरह इस महान देश के कण-कण में व्याप्त हैं। आपके भ्रष्टाणु हर जगह फैले हुए हैं। आपके सहयोग के बगैर कोई भी कार्यालय या संस्था चलने का दुस्साहस नहीं कर सकती। मंत्री से लेकर संत्री तक आपके पुजारी हैं। चपरासी से अफसर तक आपकी भक्ति में लीन हैं। कोई भी आपके गुणों का गायन करने में पीछे नहीं है। आपके बिना किसी को मोक्ष नहीं मिलता।


आप साधारण को असाधारण बनाने वाले हैं। आपके प्रताप से घर इम्पोर्टेड सामानों से लद जाता है। चेहरे पर चिकनाई बढ़ जाती है। नजरें उन्नत हो जाती हैं। आपकी ही बदौलत लोग 'अंग्रेजी' पीते हैं, अंग्रेजी बोलते हैं और संभवतः अंग्रेजी ही उत्सर्जित करते होंगे। जब तक आकाश में सूरज रहेगा, तब तक आपका अस्तित्व भारत की एकता की तरह अखण्ड रहेगा। इस युग के आप अनिवार्य अंग हैं। सारे काले धन्धे आपके ही बूते पर चल रहे हैं। आपके ही कारण सफेद धन्धों की बोलती बन्द है। आप हमारी रग-रग में समा चुके हैं। आपको किसी भी कीमत पर जुदा होने नहीं देंगे। आपके ही कारण हमारा जीवन हरा है। आपको समाप्त करने वाले खुद समाप्त हो जावें। हमारी तो यही मनोकामना है कि आप दीर्घायु ही नहीं युगायु हों। इधर आपके शत्रुओं के बुरे हाल हैं। आपकी प्रमुख शत्रु ईमानदारी अरसे से किसी असाध्य रोग से पीड़ित है। कोने में पड़ी खांसती और थूकती रहती है। जनता पर अब उसका कोई प्रभाव नहीं रह गया है। लोग उसे 'असामाजिक' तत्व समझने लगे हैं। जल्दी ही मृत्यु उसको निगल जाएगी। तब आपका पथ स्वयमेव निष्कंटक हो जाएगा।

हिंसा सीना तानकर अपने गुंडों के साथ गांव-शहरों में निर्भय होकर घूम रही है। सज्जनों की भयभीत अहिंसा गली-कूचों में अपना सिर छुपा रही है। झूठ लोगों के सिर पर चढ़कर बोल रहा है। सच ने मौन व्रत धारण कर लिया है। न्याय का गला काटने के लिए अन्याय नंगी तलवार लेकर घूम रहा है। आपके मित्र वर्ग में सभी सुखी सम्पन्न हैं। सुश्री बेईमानी जी के अप्रतिम सौन्दर्य ने सबको घायल कर रखा है। चारों दिशाओं में उनका वर्चस्व है। इसी तरह सभी साथी मजे में हैं। आपको समाप्त करने का जो 'शगूफा' आपके शत्रुओं ने छोड़ा है, वह हर बार की तरह इस बार भी उनका एक दिवा स्वप्न साबित होगा। आप चिन्तित न होंवे। इतने शुभचिन्तकों के रहते आपका कोई बाल बांका नहीं कर पाएगा। आप अपना आत्मबल बनाए रखें। मन के हारे हार है, मन के जीते जीत। विगत वर्षों की तरह यह वर्ष भी आपके लिए मंगलमय हो। मेरी हार्दिक शुभकामनाएं सदैव आपके साथ रहेंगी।


***एक शुभचिन्तक, भोलादास***



**अशोक गहलोत,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@ashokgehlot51
नीति, लक्ष्य और नीयत
हेल्थ में बचत, राहत, बढ़त




**वसुंधरा राजे,** पूर्व मुख्यमंत्री, राजस्थान
@VasundharaBJP
जयपुर में भाजयुमो कार्यकर्ताओं पर कांग्रेस सरकार द्वारा कराया गया बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण व निंदनीय है।




**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
बच्चे आपकी बात नहीं सुनते, वे आपका निरीक्षण करते हैं। सुनिश्चित करें कि आपके होने का तरीका एक प्रेरणा है।



**श्री रवि शंकर,** योग गुरु
@Srisri
कुछ सवालों का सिर्फ एक ही जवाब नहीं होता, वे उन रास्तों की तरह हैं जिन पर आप बार-बार चलते हैं। ऐसे प्रश्न ऐसे विचार उत्पन्न करते हैं जिन्हें आप आगे बढ़ने के लिए क्रियान्वित कर सकते हैं।



**गौर गोपाल दास,** आध्यात्मिक गुरु
@gaurgopald
अच्छी दोस्ती छोटी चीजों को छोटा रखने, दयालुता और प्रेमपूर्ण देखभाल की बातचीत पर ध्यान केंद्रित करने और हमेशा अपना ध्यान उच्च सिद्धांतों पर रखने के बारे में हैं जो हमारे बंधन को गहरा करते हैं।



**जया किशोरी (वक्ता),** आध्यात्मिक मार्गदर्शक
@iamjayakishori
स्थिर जीवन के लिए अस्थायी मौज-मस्ती से चूक जाना ठीक है।

### नॉलेज कॉर्नर: अनोखे तरीके से हुई इसके नाम की उत्पत्ति

# देश की सबसे बड़ी मीठे पानी की झील 'वुलर'

इस संसार में जल कितना जरूरी है, इससे हर प्राणी भली-भांति वकिफ है। जल न हो तो इस जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। पृथ्वी के लगभग 70 प्रतिशत हिस्से में पानी भरा है, मगर केवल 3 प्रतिशत पानी ही पीने योग्य है, ऐसे में जल की महत्ता और अधिक बढ़ जाती है। भारत में भी कई ऐसे स्रोत हैं, जिनसे मीठा जल प्राप्त किया जा सकता है। इनमें जम्मू-कश्मीर में स्थित वुलर झील भारत की सबसे बड़ी मीठे पानी की झील है। इसके अलावा डल झील, भीमताल झील, नैनीताल झील, लोकटक झील और बड़ा पानी झील भी मीठे पानी का प्रमुख स्रोत हैं। वुलर झील जम्मू-कश्मीर की बड़ी आबादी को जल प्रदान करती है। विस्तृत जानते हैं आज के नॉलेज कॉर्नर में...

## वुलर झील के बारे में

देश की सबसे बड़ी मीठे पानी की झील, जिसे वुलर झील के नाम से जाना जाता है, जम्मू- कश्मीर के बांडीपोरा जिले में स्थित है। झेलम नदी के मार्ग में आने के कारण इसमें झेलम नदी का पानी गिरता है। इसके बाद नदी आगे की ओर बढ़ जाती है। अलग-अलग मौसम के अनुसार झील के आकार में कभी विस्तार तो कभी सिकोड़ होता रहता है। इस कारण झील में बड़ी-बड़ी लहरें उठती रहती है। झील के पूर्वी-उत्तरी भाग में 'जैनुल लंक' नामक एक कृत्रिम द्वीप है। इसे 1444



ईस्वी में कश्मीर के सुल्तान ज़ैन-उल-अबदीन ने बनवाया था। इसके बारे में कश्मीरी इतिहासकार जोनराज का कहना है कि सुल्तान ने इसका निर्माण नाविकों को झील में तूफानी स्थितियों में आश्रय देने के लिए करवाया था। शुरूआत में यह द्वीप झील के बीचों-बीच था, लेकिन जैसे-जैसे इसके आकार में बदलाव आया, यह खिसककर कोने में चला गया।

## कैसे पड़ा नाम

कहा जाता है कि प्राचीनकाल में महापद्म देवता वुलर झील के अधिदेवता थे। इस कारण इस झील को 'महापद्मसर' कहा जाने लगा। जैसा कि विदित है झील का आकार काफी बड़ा है तथा इसमें समय-समय पर परिवर्तन होते रहते हैं। झील का आकार 30 वर्ग किलोमीटर से लेकर 260 वर्ग किलोमीटर के बीच बदलता रहता है। इस कारण यहां दोपहर में बड़ी-बड़ी लहरें उठती हैं। दोपहर के समय झील की शांत सतह पर ऊंची और खतरनाक लहरें उठने लगती हैं, जिन्हें संस्कृत भाषा में 'उल्लल' कहा जाता है। कालान्तर में उल्लल नाम के कारण ही झील का नाम विकृत होकर 'वुलर' पड़ गया। झील की अधिकतम लंबाई 16 किलोमीटर तथा चौड़ाई 9.6 किलोमीटर है।

**तुलबुल परियोजना**

*इस झील पर तुलबुल परियोजना स्थित है। यह परियोजना वूलर झील पर एक नेविगेशन की तरह है। यह भारत की साफ तथा सबसे बड़ी झील है। यह परियोजना वुलर झील के मुहाने पर एक मार्गदर्शन नियंत्रण संरचना के रूप में है। परियोजना का अधिकतम हिस्सा झेलम नदी पर स्थित है, जो लोगों की आवाजाही का एक महत्वपूर्ण साधन है।* *कंटेंट: सुप्रिया सरकार*

## मद्रास विश्वविद्यालय के 165वें दीक्षांत समारोह को राष्ट्रपति ने किया संबोधित

# लड़कियों की शिक्षा में किया गया निवेश देश की प्रगति में निवेश: मुर्मू

एजेंसी | चेन्नई

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को कहा कि शिक्षित महिलाएं न केवल अर्थव्यवस्था में बड़ा योगदान दे सकती हैं, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व प्रदान कर सकती हैं और समाज पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकती हैं। हम लड़कियों की शिक्षा में निवेश करके अपने देश की प्रगति में निवेश कर रहे हैं। मुर्मू ने यहां मद्रास विश्वविद्यालय के 165वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए इस तथ्य पर प्रसन्नता जताई कि इस समय लगभग 1.85 लाख विद्यार्थी विश्वविद्यालय और




उससे संबद्ध महाविद्यालयों में पढ़ रहे हैं और उनमें से 50 प्रतिशत से अधिक लड़कियां हैं। मुझे यह जानकर खुशी हो रही है कि आज स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले 105 विद्यार्थियों में से 70 प्रतिशत लड़कियां हैं। उन्होंने कहा कि मद्रास विश्वविद्यालय लैंगिक समानता का एक ज्वलंत उदाहरण है। मुर्मू ने स्नातक की डिग्री प्राप्त करने वाले छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह क्षेत्र सभ्यता और संस्कृति का उद्गम स्थल रहा है। 1857 में स्थापित यह विश्वविद्यालय देश के सर्वाधिक पुराने विश्वविद्यालयों में से एक है।

### यह गर्व की बात, छह पूर्व राष्ट्रपति रहे हैं मद्रास विश्विद्यालय के विद्यार्थी

राष्ट्रपति ने कहा, यह गर्व की बात है कि छह पूर्व राष्ट्रपति इस विश्वविद्यालय के विद्यार्थी रहे हैं जिनमें डॉ.एस राधाकृष्णन, वीवी गिरि, नीलम संजीव रेड्डी, आर वेंकटरमन, केआर नारायाणन और डॉ: ए पी जे अब्दुल कलाम शामिल हैं।

### ये दिग्गज हस्तियां भी रहीं विद्यार्थी

देश के प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी और देश के पहले भारतीय गवर्नर जनरल चक्रवर्ती राजगोपालाचारी, स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ीं प्रतिष्ठित महिलाएं सरोजिनी नायडू और दुर्गाबाई देशमुख, नोबेल पुरस्कार विजेता सर सी वी रमन और एस चंद्रशेखर, भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एम पतंजलि शास्त्री और न्यायाधीश के सुब्बाराव भी कभी मद्रास विश्वविद्यालय के छात्र थे।

### तमिलनाडु से उत्तरी हिस्से में पहुंची भक्ति काव्य की परम्परा

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, तिरुक्कुरूल सदियों से हम सभी का मार्गदर्शन कर रहा है। भक्ति काव्य की महान परम्परा तमिलनाडु से शुरू हुई और भ्रमण करने वाले संत इसे देश के उत्तरी हिस्से में लेकर गए। तमिलनाडु के मंदिरों की वास्तुकला और उनकी मूर्तियां मानवीय उत्कृष्टता को दर्शाती हैं। इससे पहले मुर्मू को राजभवन में 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया गया।

### संजय राउत बोले- राहुल गांधी से डरी हुई है केंद्र सरकार



**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने रविवार को दावा किया कि केंद्र सरकार राहुल गांधी से डरी हुई है और इसी वजह से उच्चतम न्यायालय के आदेश के बावजूद कांग्रेस नेता की लोकसभा की सदस्यता अभी तक बहाल नहीं की गई है। राउत ने पत्रकारों से कहा, उन्हें संसद की सदस्यता से जिस तत्परता से अयोग्य ठहराया गया था, वह उच्चतम न्यायालय द्वारा दोषसिद्धि पर रोक के बाद नहीं दिखाई दे रही है। तीन दिन बीत गए, लेकिन लोकसभा अध्यक्ष ने अभी तक उनकी सदस्यता को बहाल नहीं किया है। राउत ने कहा, इंडिया (विपक्षी गठबंधन) के दल हमारी रणनीति पर चर्चा करने के लिए सोमवार को मुलाकात कर रहे हैं।

### छवि खराब करने की कोशिशों पर छोड़ा पद: वाघेला



**अहमदाबाद।** गुजरात में भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रदीप सिंह वाघेला ने रविवार को कहा कि उन्होंने पार्टी महासचिव का पद इसलिए छोड़ दिया है, क्योंकि पिछले दो वर्षों से लगातार उनकी छवि खराब करने की कोशिशें की जा रही थी और वह खुद को पाक साफ साबित करना चाहते हैं। वाघेला ने निजी कारणों का हवाला देते हुए शनिवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। वाघेला ने इस्तीफा ऐसे समय में दिया है जब कुछ दिन पहले ही भाजपा की गुजरात इकाई के प्रमुख सी आर पाटिल के खिलाफ कथित तौर पर अपमानजनक पत्र प्रसारित करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया था।

## 'क्विट इंडिया' कहकर PM ने साधा विपक्षी गठबंधन पर निशाना, कहा-

# एक वर्ग का सिद्धांत, न काम करेंगे, ना और को करने देंगे

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्ष पर नकारात्मक राजनीति करने का आरोप लगाते हुए रविवार को कहा कि 'भारत छोड़ो' आंदोलन से प्रेरित होकर पूरा देश भ्रष्टाचार, वंशवाद और तुष्टीकरण-भारत छोड़ो का समर्थन कर रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए देशभर में 508 रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्य की आधारशिला रखने के बाद एक समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष का एक वर्ग इस सिद्धांत पर काम कर रहा है कि ना तो वे काम करेंगे और ना ही किसी और को काम करने देंगे। मोदी ने कहा, "दुर्भाग्य से, हमारे देश में विपक्ष का एक धड़ा आज भी पुराने ढर्रे पर चल रहा है। वे 'न काम करेंगे, न करने देंगे' के रवैये पर अड़े हुए हैं। देश ने आज की, और भविष्य की जरूरतों की चिंता करते हुए संसद की आधुनिक इमारत बनवाई। संसद देश के लोकतन्त्र की प्रतीक होती है, उसमें पक्ष विपक्ष सबका प्रतिनिधित्व होता है।

### ■ देशभर में 508 रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्य की रखी आधारशिला





### हम सकारात्मक राजनीति के मार्ग पर

मोदी ने कहा, हम नकारात्मक राजनीति से ऊपर उठकर एक मिशन के तहत सकारात्मक राजनीति के मार्ग पर चल रहे हैं। किस राज्य में किसकी सरकार है, कहां किसका वोट बैंक है, इस सबसे ऊपर उठकर हम पूरे देश में विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहे हैं।

### चुनाव के दौरान आती है पटेल की याद

मोदी ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' दुनिया की सबसे बड़ी प्रतिमा है और सभी भारतीयों को इस पर गर्व है। कुछ दलों को चुनाव के दौरान भारत के पहले गृह मंत्री की याद आती है, लेकिन उनका कोई भी बड़ा नेता पटेल की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित करने नहीं गया। इन लोगों ने 70 साल तक देश के वीर शहीदों के लिए वॉर मेमोरियल तक नहीं बनाया। जब हमने नेशनल वॉर मेमोरियल बनाया, उसका निर्माण किया, तो इसकी भी सरेआम आलोचना करते उनको शर्म नहीं आई।

### 10 लाख युवाओं को रोजगार देने का अभियान

प्रधानमंत्री ने कहा, फिलहाल केंद्र सरकार 'रोजगार मेले' के जरिए 10 लाख युवाओं को नौकरी देने का अभियान भी चला रही है। ये बदलते भारत की वो तस्वीर है, जिसमें विकास युवाओं को नए अवसर दे रहा है।

### पुनर्विकास परियोजना: 24,470 करोड़ की आएगी लागत, होगा कायाकल्प

#### कहां के कितने स्टेशन

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उत्तर प्रदेश | - | 55 | पंजाब | - | 22 |
| राजस्थान | - | 55 | गुजरात | - | 21 |
| बिहार | - | 49 | तेलंगाना | - | 21 |
| महाराष्ट्र | - | 44 | झारखंड | - | 20 |
| पश्चिम बंगाल | - | 37 | आंध्र प्रदेश | - | 18 |
| मध्य प्रदेश | - | 34 | तमिलनाडु | - | 18 |
| असम | - | 32 | हरियाणा | - | 15 |
| ओडिशा | - | 25 | कर्नाटक | - | 13 |

## कर्नाटक: कलह मिटाने की कवायद

# CM व डिप्टी सीएम तीन दिन तक मंत्रियों व MLA के साथ करेंगे बैठक

एजेंसी | बेंगलुरु



कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी में असंतोष को शांत करने और उसे मजबूत बनाने के प्रयासों के तहत अगले तीन दिन तक सत्तारूढ़ कांग्रेस के मंत्रियों व विधायकों के साथ मैराथन बैठकें करेंगे।

पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने यह जानकारी दी। पार्टी पदाधिकारियों ने कहा कि जिला प्रभारी मंत्रियों, संबंधित जिलों के अन्य मंत्रियों व विधायकों और विधान परिषद सदस्यों के साथ ये बैठकें पूर्वाह्न 11 बजे से शाम 7 बजे तक मुख्यमंत्री के कार्यालय आवास 'कृष्णा' में होंगी।

दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक दो घंटे का अंतराल रहेगा। सिद्धरमैया और शिवकुमार 31 मंत्रियों व विधायकों से बात करेंगे, प्रत्येक जिले के मंत्रियों और विधायकों को एक घंटे का समय देंगे। अगले तीन दिन में राज्य के 31 जिलों के सभी कांग्रेस विधायकों के साथ बैठकें की जाएंगी। कांग्रेस ने 2024 में लोकसभा चुनाव में कम से कम 20 सीट जीतने का लक्ष्य रखा है। पार्टी को 2019 के लोकसभा चुनाव में कुल 28 में से सिर्फ एक सीट पर जीत मिली थी जबकि भाजपा ने 25 सीट जीती थीं। कर्नाटक के 11 विधायकों ने कथित तौर पर मुख्यमंत्री सिद्धरमैया को पत्र लिखकर शिकायत की थी कि 20 मंत्री सहयोग नहीं कर रहे हैं और अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में विकास कार्यों पर चर्चा के लिए उपलब्ध नहीं हैं।

### लोस चुनाव के लिए होगी कार्ययोजना तैयार

पदाधिकारी के अनुसार बैठक मुख्य रूप से जिलों में पार्टी का आधार मजबूत करने के अलावा और पार्टी कार्यालय स्थापित करने के लिए जमीन की पहचान करने और लोकसभा चुनाव के लिए कार्ययोजना तैयार करने के लिए हो रही है। मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री विधायकों की शिकायतें भी सुनेंगे और उनका समाधान करेंगे।

## BJP नेता विजयवर्गीय के विवादित बोल

# भारत माता के खिलाफ बोले तो ले लेंगे प्राण

एजेंसी | रतलाम (मप्र)

भाजपा महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने विवादित बयान देते हुए कथित तौर पर कहा कि जो भारत माता के खिलाफ बोलेगा, उसकी जान लेने में भी हम पीछे नहीं हटेंगे।

रतलाम दौरे पर आए विजयवर्गीय ने ग्राम बांगरोद में आयोजित भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में शनिवार को कहा, जो भारत माता की जय बोलेगा, वह हमारा भाई है और हम उसके लिए जान भी दे सकते हैं। और जो भारत माता के खिलाफ बोलेगा, उसकी जान लेने में भी हम पीछे नहीं हटेंगे। ये हमारा संकल्प है। भाजपा



महासचिव मध्य प्रदेश में इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों के लिए रतलाम ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में हुए कार्यकर्ता सम्मलेन में भाग लेने आए थे। उन्होंने कहा कि जो लोग भगवान राम को काल्पनिक मानते हैं, वे जनवरी में अयोध्या जाएं, उनके पाप धुल जाएंगे।

## सुलह का सुर: चिराग ने छोड़ी हाजीपुर की जिद, कहा...

# जमुई से ही लड़ूंगा फिर से चुनाव

एजेंसी | पटना

लोक जनशक्ति पार्टी के पूर्व अध्यक्ष चिराग पासवान ने रविवार को घोषणा की कि वह जमुई से फिर से चुनाव लड़ेंगे। वह मौजूदा लोकसभा में लगातार दूसरी बार इस सीट का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। पहले यह कयास लगाए जा रहे थे कि चिराग अपना संसदीय क्षेत्र बदलकर हाजीपुर से किस्मत आजमाने की योजना बना रहे हैं जिस पर उनका यह बयान आया है। हाजीपुर सीट का दशकों तक चिराग के पिता राम विलास पासवान ने प्रतिनिधित्व किया था।

चिराग (40) ने कहा, मैं कौन कहां से चुनाव लड़ेगा जैसी चीजों पर ज्यादा टिप्पणी नहीं



करूंगा। लेकिन मैं जमुई के लोगों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि मैं इस जिले को बिहार के सबसे विकसित जिलों में से एक बनाने के लिए प्रतिबद्ध हूं। मैं यहां एक युवा के रूप में आया हूं और रहूंगा जब तक मैं बूढ़ा नहीं हो जाता, यहीं रहूंगा। चिराग का अपने चाचा पशुपति कुमार पारस के साथ झगड़ा चल रहा है। चिराग के इस बयान को सुलह के रूप में देखा जा रहा है। पारस वर्तमान में हाजीपुर का प्रतिनिधित्व करते हैं। दो साल उन्होंने लोक जनशक्ति पार्टी के अन्य सांसदों को अपने साथ लेकर एक अलग गुट बना लिया था।

## राज्यसभा में पेश होगा दिल्ली विधेयक

# राहुल गांधी की सदस्यता बहाली पर रहेगी निगाहें

एजेंसी | नई दिल्ली

लोकसभा में सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव और राज्यसभा में दिल्ली सेवा विधेयक पर अगले हफ्ते होने वाली चर्चा के मद्देनजर संसद के मानसून सत्र का आखिरी सप्ताह संभवतः हंगामेदार रहेगा।

सोमवार को सभी की निगाहें लोकसभा सचिवालय पर टिकी रहेंगी, जब वह संभवतः 'मोदी उपनाम' मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की दोषसिद्धि पर उच्चतम न्यायालय के स्थगनादेश की समीक्षा करेगा और उनकी संसद सदस्यता रद्द करने के संबंध में फैसला करेगा। यदि



लोकसभा के सदस्य के तौर पर गांधी को अयोग्य ठहराने का फैसला रद्द किया जाता है, तो कांग्रेस की प्राथमिकता होगी कि मंगलवार को अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान गांधी विपक्ष की ओर से अहम वक्ता की भूमिका निभाएं। उधर, राज्यसभा में सोमवार को दिल्ली सेवा विधेयक लाया जाएगा।

## केंद्रीय गृह मंत्री के दौरे से चढ़ा महाराष्ट्र का सियासी पारा

# शाह ने अजित पवार से कहा... आप सही जगह पर, लेकिन देर से आए

एजेंसी | पुणे

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को पुणे दौरा सियासी हलचल वाला रहा। सबसे पहले इस खबर ने सियासी पारा चढ़ा दिया कि शाह ने पुणे के एक होटल में राकांपा के संस्थापक शरद पवार के करीबी जयंत पाटिल से मुलाकात की है। हालांकि बाद में जयंत ने इस बात को खारिज कर दिया।

शाह ने यहां एक कार्यक्रम में राज्य के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के साथ मंच साझा किया और कहा कि लंबे समय के बाद आप सही जगह पहुंचे हैं, लेकिन 'बहुत देर से आए।' अजित पवार करीब एक महीने पहले गत शरद पवार



से बगावत कर आठ विधायकों के साथ एकनाथ शिंदे नीत सरकार में शामिल हो गए थे। शाह ने कहा, अजित पवार के साथ यह मेरा पहला सार्वजनिक कार्यक्रम है। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि वह लंबे समय बाद अब सही जगह पर बैठे हैं। यह हमेशा आपके लिए सही जगह थी। शाह सहकारी समितियों के केंद्रीय रजिस्ट्रार कार्यालय के डिजिटल पोर्टल की शुरुआत करने के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस भी मौजूद थे।

### न शाह से गुपचुप मुलाकात, ना अजित गुट में हो रहा हूं शामिल: पाटिल

**मुंबई।** राकांपा के संस्थापक वरिष्ठ नेता तथा शरद पवार के करीबी जयंत पाटिल ने रविवार को इन खबरों को खारिज कर दिया कि उन्होंने पुणे में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से गुपचुप मुलाकात की थी। उन्होंने इन अटकलों का भी खंडन किया कि वह शिवसेना-भाजपा सरकार में अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट में शामिल होने वाले हैं। पाटिल ने कहा कि वह शनिवार शाम को राकांपा प्रमुख शरद पवार के साथ थे और बाद में उन्होंने अपने आवास पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं अनिल देशमुख, राजेश टोपे और सुनील भुसारा से मुलाकात की थी। राकांपा की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख पाटिल ने संवाददाताओं से कहा, वे रात डेढ़ बजे तक मेरे घर पर



थे। मैं रविवार सुबह फिर शरद पवार से मिला। जिन लोगों ने ये अफवाहें फैलाईं, उन्हें जवाब देना चाहिए कि मैं किस समय पुणे में शाह से मिला और सबूत दिखाएं। मैं हमेशा शरद पवार के साथ हूं। ऐसी अटकलें बंद होनी चाहिए।

### पाला बदलने के लिए नहीं है दबाव, मैं शरद पवार के साथ

पाटिल ने कहा कि उन पर पाला बदलने का कोई दबाव नहीं है और उन्होंने किसी से कोई बातचीत नहीं की है। उन्होंने कहा, मैंने मुंबई में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की बैठक के आयोजन के लिए शनिवार को एमवीए की बैठक में भाग लिया। मैं आयोजन समिति का हिस्सा हूं, इसलिए यह स्पष्ट है कि ऐसी अटकलें क्यों लगाई जा रही हैं। पाटिल ने यह भी कहा कि उनका एकमात्र लक्ष्य राकांपा का आधार बढ़ाना है। इस बीच, राकांपा विधायक जितेंद्र आव्हाड ने भी जयंत पाटिल की शाह से मुलाकात की खबरों को गलत बताया। उन्होंने संवाददाताओं से कहा,मैं अपनी आखिरी सांस तक शरद पवार के साथ रहूंगा।

## जरूरी खबर

### मुकेश अंबानी अगले पांच साल तक नहीं लेंगे वेतन



**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने मुकेश अंबानी को अगले पांच साल के लिए शून्य वेतन पर कंपनी का चेयरमैन और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) नियुक्त करने के लिए शेयरधारकों की मंजूरी मांगी है। इस नए कार्यकाल के दौरान अंबानी (66) मुख्य कार्यकारी के पद के लिए कंपनी कानून के तहत जरूरी 70 साल की आयुसीमा को पार कर जाएंगे और आगे नियुक्ति के लिए उन्हें शेयरधारकों के विशेष प्रस्ताव की जरूरत है। विशेष प्रस्ताव में रिलायंस ने अंबानी को अप्रैल, 2029 तक कंपनी का चेयरमैन नियुक्त करने के लिए शेयरधारकों की मंजूरी मांगी है।

### गौरीकुंड हादसे में लापता 20 लोगों का सुराग नहीं



**देहरादून।** उत्तराखंड के अनेक स्थानों पर रविवार को जारी बारिश के बीच टिहरी जिले में एक मकान की दीवार ढहने से उसकी चपेट में आकर दो बच्चों की मृत्यु हो गई जबकि रूद्रप्रयाग जिले के गौरीकुंड में भूस्खलन के बाद लापता 20 लोगों को ढूंढने के लिए अभियान चला रहे दलों को तीसरे दिन भी उनका कोई सुराग नहीं मिला। गौरीकुंड में हुए भूस्खलन के बाद कुल 23 लोग लापता हुए थे जिनमें से तीन लोगों के शव उसी दिन मलबे से बरामद कर लिया गया था। देहरादून के प्रसिद्ध सहस्त्रधारा पर्यटक स्थल पर नहाने के दौरान उत्तर प्रदेश से आई एक पर्यटक बह गयी। हालांकि, राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ) की टीम ने उसे सुरक्षित बचा लिया।

### चंद्रयान-3 ने किया चांद का दीदार वीडियो जारी

**बेंगलुरु।** चंद्रयान-3 के चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश करने के एक दिन बाद, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने रविवार को चांद का 'चंद्रयान-3 द्वारा देखा गया एक वीडियो जारी किया। अंतरिक्ष एजेंसी ने वीडियो को कैप्शन के साथ जारी किया, चंद्रयान -3 मिशनः चंद्रमा, जैसा कि चंद्रयान -3 द्वारा चंद्र कक्षा में प्रवेश के दौरान देखा गया। वीडियो में दिख रहा है कि चंद्रमा पर नीले हरे रंग के कई गड्ढे हैं। यह वीडियो रविवार देर रात होने वाली दूसरी बड़ी गतिविधि से कुछ घंटे पहले जारी किया गया।

## शहादत को नमन



**बांदीपोरा।** जम्मू कश्मीर के कुलगाम जिले के जंगलों में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में शहीद हुए सैनिक वसीम सरवर को रविवार को बांदीपोरा जिले में दाचिगाम में स्थित उनके निवास स्थान से अंतिम विदाई दी गई तो शहीद के जनाजे में लोगों का सैलाब उमड़ पड़ा। सेना के जवानों और परिजनों ने शहीद के शव को कंधा दिया। मुठभेड़ में सरवर समेत तीन जवान शहीद हो गए थे। -पीटीआई

### J&K: तीसरे दिन भी आतंकियों से जारी रही मुठभेड़

**राजौरी/ जम्मू।** जम्मू कश्मीर के सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच रविवार को तीसरे दिन भी मुठभेड़ जारी रही। राजौरी जिले के बुद्धल इलाके के गुंधा-खवास गांव में शनिवार को सेना और पुलिस ने घेराबंदी कर तलाश अभियान चलाया था और इसी दौरान मुठभेड़ शुरू हो गई,जिसमें एक आतंकवादी मारा गया। मुठभेड़ रविवार को भी जारी रही। पुलिस ने आम जनता को घटनास्थल से दो किलोमीटर दूर रहने की सलाह दी है। अधिकारियों ने बताया कि अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती करके आतंकवादियों के बच निकलने के सारे रास्ते बंद कर दिए गए हैं और उन्हें ठिकाने लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर यह अभियान शुरू किया गया था।

**घुसपैठ की कोशिश की विफलः** कुपवाड़ा जिले में सेना ने रविवार को नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ की एक कोशिश को विफल कर दिया।इस दौरान एक आतंकवादी मारा गया। आतंकी के पास से, हथियार व गोला-बारूद बरामद हुए।

## मणिपुर में हिंसा जारी, भीड़ ने 15 घर जलाए

# सीएम बीरेन सिंह को झटका केपीए ने वापस लिया समर्थन

एजेंसी | इंफाल

मणिपुर में जारी जातीय हिंसा के बीच राजग के सहयोगी दल कुकी पीपुल्स अलायंस (केपीए) ने रविववार को मणिपुर में एन बिरेन सिंह सरकार से समर्थन वापस लेने की घोषणा की।

दूसरी ओर राज्य के इंफाल वेस्ट जिले में शनिवार शाम को फिर से हिंसा भड़क उठी और इस दौरान 15 मकान जला दिए गए। इससे पहले राज्य में अलग अलग घटनाओं में उपद्रवियों ने शुक्रवार व शनिवार रात पांच लोगों की हत्या कर दी थी। राज्यपाल अनुसुइया उइके को लिखे एक पत्र में केपीए प्रमुख तोंगमांग हाओकिप ने मणिपुर में भाजपा नीत सरकार से संबंध तोड़ने के पार्टी फैसले की सूचना दी है। राज्य की 60 सदस्यीय विधानसभा में केपीए के दो विधायक हैं। विधानसभा में भाजपा के 32 सदस्य हैं, जबकि इसे एनपीएफ के पांच और तीन निर्दलीय विधायकों का समर्थन प्राप्त है। विपक्षी विधायकों में एनपीपी के 7, कांग्रेस के 5 और जनता दल (यू) से 6 विधायक हैं। राज्य में जातीय हिंसा में 160 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।




*नई दिल्ली में मणिपुर में जातीय हिंसा के खिलाफ प्रदर्शन करते मेतई लोग।*

### सुरक्षा बलों से लूटे 1,195 हथियार बरामद


पुलिस ने कहा है कि उसने राज्य के विभिन्न हिस्सों से सुरक्षा बलों से लूटे गए 1,195 हथियार अब तक बरामद किए हैं। घाटी के जिलों से 1,057 हथियार बरामद किए गए और 138 हथियार पर्वतीय जिलों से बरामद किए गण् हैं।जिलों से बड़ी संख्या में गोला-बारुद भी बरामद किया गया है। पुलिस महानिदेशक राजीव सिंह ने कहा कि सुरक्षा बलों से हथियार लूटने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### आक्रोशित भीड़ को खदेड़ने के लिए पुलिस ने दागे आंसू गैस के गोले

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हिंसा की ताजा घटनाओं में लांगोल गेम्स गांव में आक्रोशित भीड़ सड़कों पर उतर आई, जिसे तितर-बितर करने के लिए सुरक्षा बलों ने आंसू गैस के गोले दागे और स्थिति को काबू में किया। इस दौरान एक व्यक्ति के पैर में गोली गई। उसे 'रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।, इंफाल ईस्ट जिले के चेकॉन इलाके में भी हिंसा की सूचना मिली है। वहां शनिवार को एक बड़े व्यावसायिक प्रतिष्ठान को आग के हवाले कर दिया गया। प्रतिष्ठान के पास के तीन मकानों में भी आग लगा दी गई। दलकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। शनिवार शाम को कांगपोकपी जिले के न्यू कीथेल्मनबी पुलिस थाना क्षेत्र के ए मुंगचमकोम में सुरक्षा बलों और उग्रवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति को पकड़ा गया और उसके पास से एक एसएलआर राइफल तथा 50 गोलियां बरामद की गईं।

## ज्ञानवापी परिसर में तीसरे दिन भी सर्वे

# तीन गुबंदों के नीचे हुआ परीक्षण व फोटोग्राफी



एजेंसी | वाराणसी

उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने रविवार को तीसरे दिन ज्ञानवापी परिसर में पुरातात्विक सर्वेक्षण का काम शुरू किया, जो शाम पांच बजे तक चला।

सरकारी वकील राजेश मिश्रा ने बताया, एएसआई ने रविवार को लगातार तीसरे दिन सर्वेक्षण कार्य शुरू किया। सर्वेक्षण टीम सुबह आठ बजे ज्ञानवापी परिसर में दाखिल हुई। सर्वेक्षण का काम शाम पांच बजे तक चला। दोपहर में दो घंटे तक भोजन के लिए सर्वेक्षण का कार्य रोका गया था। हिन्दू पक्ष के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने बताया कि रविवार को तीनों गुम्बदों के नीचे वैज्ञानिक परीक्षण किया गया। वहां पर फोटोग्राफी, मानचित्रण और मापन का कार्य किया गया। उन्होंने बताया कि तीन तहखानों की सफाई करा दी गई है, व्यास जी के तहखाने का भी सर्वेक्षण किया गया है। सर्वेक्षण के काम में अभी समय लगेगा।

**मुस्लिम पक्ष ने दी बहिष्कार की चेतावनीः** ज्ञानवापी मस्जिद की रख रखाव की जिम्मेदारी संभाल रहे अंजुमन इंतजामिया मस्जिद कमेटी के संयुक्त सचिव सैयद मोहम्मद यासीन ने बताया कि सर्वेक्षण को लेकरर जिस तरह की बेबुनियाद बातें फैलाई जा रही हैं, अगर उन्हें नहीं रोका गया तो मुस्लिम पक्ष सर्वेक्षण का फिर से बहिष्कार कर सकता है।

## विशेषज्ञ समिति ने सौंपी रिपोर्ट, पेश होगा विधेयक

# असम में बहुविवाह पर लगेगी रोक

एजेंसी | गुवाहाटी

असम में बहुविवाह को समाप्त करने के लिए कानून बनाने को लेकर विधानसभा की विधायी क्षमता का पता लगाने के लिए गठित विशेषज्ञ समिति के रिपोर्ट पेश करने के कुछ ही घंटे बाद रविवार को मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि इस वित्त वर्ष में इस विषय पर एक विधेयक पेश किया जाएगा। शर्मा ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अपनी रिपोर्ट पेश करने वाली विशेषज्ञ समिति ने सर्वसम्मति से कहा है कि राज्य बहुविवाह को समाप्त करने के लिए अपना कानून बना सकता है। एकमात्र बिंदु यह है कि विधेयक पर अंतिम सहमति राज्यपाल के बजाय राष्ट्रपति को देनी होगी। यह पूछे जाने पर कि क्या असम में बहुविवाह को समाप्त करने के लिए कानून लाया जाएगा, तो मुख्यमंत्री ने हां में जवाब दिया। उन्होंने कहा, यह विधेयक निश्चित रूप से इसी वित्तीय वर्ष में पेश किया जाएगा। इससे पहले, बहुविवाह को समाप्त करने के लिए कानून बनाने को लेकर विधानसभा की विधायी क्षमता का पता लगाने के लिए राज्य सरकार द्वारा गठित एक विशेषज्ञ समिति ने मुख्यमंत्री सरमा को अपनी रिपोर्ट सौंपी। सरमा ने समिति द्वारा उन्हें रिपोर्ट सौंपने और दस्तावेज की तस्वीरें ट्विटर पर साझा कीं। उन्होंने कहा, असम जाति, पंथ या धर्म से परे महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए सकारात्मक माहौल तैयार करने के करीब पहुंच गया है।



### तेलंगाना के मशहूर लोक गायक गद्दर का निधन

**हैदराबाद/अमरावती।** तेलंगाना के मशहूर लोक गायक गद्दर का रविवार को निधन हो गया। वह 77 वर्ष के थे। एक पूर्व नक्सली के रूप में गद्दर ने जंगलों में रहने के साथ ही भूमिगत जीवन व्यतीत किया था। इसके बाद वह मुख्यधारा में शामिल हो गए और उन्होंने वर्ष 2018 में तेलंगाना विधानसभा चुनाव में अपने जीवन में पहली बार मतदान किया। वह 1980 के दशक के दौरान क्रांतिकारी गीतों और इसके बाद तेलंगाना राज्य आंदोलन के लिए अपनी रचनाओं के लिए लोकप्रिय थे।

## उफान पर गंगा... जलमग्न हुए घाट



***वाराणसी।*** *उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड में भारी बारिश के चलते गंगा नदी उफान पर है। नदी का जलस्तर बढ़ने पर वाराणसी में पानी में डूबे घाट।* -पीटीआई

## नूंह में हिंसा

# नूंह में फिर चला बुलडोजर, होटल समेत कई अवैध निर्माण किए ध्वस्त

एजेंसी | गुरुग्राम

हरियाणा के हिंसा प्रभावित नूंह जिले में अवैध निर्माण हटाने का अभियान रविवार को चौथै दिन भी जारी रहा। कड़ी सुरक्षा के बीच बुलडोजर चलाकर एक होटल-सह-रेस्तरां सहित उन कई अवैध संरचनाओं को ढहा दिया, जहां से पिछले सप्ताह की शुरुआत में झड़पों के दौरान एक धार्मिक यात्रा पर कथित तौर पर पथराव किया गया था। उपमंडलीय मजिस्ट्रेट अश्विनी कुमार ने बताया कि ये संरचनाएं अवैध रूप से बनाई गई थीं और इनका इस्तेमाल 'गुंडों' ने हाल में हिंसा के दौरान पथराव के लिए किया था। नूंह के जिलाधिकारी धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि रविवार को भी कर्फ्यू में सुबह नौ बजे से दोपहर 12 बजे तक ढील दी गई। इससे पहले, जिला प्रशासन ने शनिवार को नलहड़ मेडिकल कॉलेज के आसपास की 2.6 एकड़ जमीन सहित 12 अलग-अलग स्थानों पर अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाया था।



### तिगरा में हुई महापंचायत

इस बीच, गत दिनों गुरुग्राम के सेक्टर-57 में एक धार्मिक स्थल को जलाने और उसके नायब इमाम की हत्या के मामले में चार युवकों की गिरफ्तारी के विरोध में तिगरा गांव में हिंदू समुदाय की एक महापंचायत आयोजित की गई। महापंचायत में शामिल होने वाले लोगों का दावा है कि गिरफ्तार किए गए लोगों का इस मामले से कोई लेना-देना नहीं है। महापंचायत के दौरान पूरे इलाके में भारी पुलिस बल तैनात किया गया। महापंचायत में 100 सदस्यीय समिति बनाई है, जिसने सोमवार को जिलाधिकारी से मिलने और आरोपियों की रिहाई की मांग के लिए एक ज्ञापन सौंपने की योजना बनाई है। महापंचायत के दौरान वक्ताओं में से एक ने कहा, यह एक हिंदू बहुल क्षेत्र में है जहां मस्जिद की कोई आवश्यकता नहीं है।

### पानीपतः नकाबपोश लोगों ने की दुकानों में तोड़फोड़

पानीपत में रविवार को मोटरसाइकिल सवार नकाबपोश लोगों के एक समूह ने दो स्थानों पर कुछ दुकानों में कथित तौर पर तोड़फोड़ की और कुछ लोगों को घायल कर दिया। हमलावरों ने एक विशेष समुदाय के सदस्यों की दुकानों को निशाना बनाया। पुलिस ने इस सिलसिले में 15 लोगों को हिरासत में लिया है।

### नूंह में आज से खुलेंगे बैंक

नूंह जिले में सोमवार को प्रायोगिक आधार पर बैंक और एटीएम फिर से खोले जाएंगे। एक अधिकारी ने कहा कि नूंह, तावड़, पुन्हाना, फिरोजपुर झिरका, पिंगावन और नगर निगम इलाकों में सोमवार को कुछ समय के लिए वित्तीय संस्थान खोले जाएंगे।

### बल्लभगढ़ उपमंडल में इंटरनेट व एसएमएस सेवाएं निलंबित

सरकार ने सांप्रदायिक तनाव के मद्देनजर फरीदाबाद जिले के बल्लभगढ़ उपमंडल में छह अगस्त को अपराह्न एक बजे से सात अगस्त की रात 11:59 बजे तक मोबाइल इंटरनेट और एसएमएस सेवाओं को निलंबित करने का रविवार को आदेश दिया।

### अपडेट जानकारी सीएम के पास

हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज द्वारा नूंह में तनाव की आशंका के संबंध में कोई भी खुफिया जानकारी होने से इनकार करने के दो दिन बाद उन्होंने रविवार को कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर इस मुद्दे पर अद्यतन जानकारी दे सकते हैं और उनके पास सारी सूचनाएं हैं। विज की टिप्पणी से जाहिर तौर पर इस मुद्दे पर जानकारी साझा नहीं किए जाने को लेकर उनकी नाराजगी सामने आई है।

## 'विजन विद विनायक' शो की गेस्ट एक्ट्रेस नुसरत भरुचा ने बताया अपनी लाइफ का विजन

# प्यार को इजहार करने की जरूरत नहीं, वह आंखों में दिख जाता है

**जयपुर।** 'प्यार में इतनी सच्चाई है कि आप कहीं लिखकर, बहुत सारे फूल खरीदकर इजहार नहीं कर सकते हैं। वह आपको आंखों में दिख जाता है। आपको एक हाथ पकड़ने में मिल जाता है। यह सब आज के जमाने थोड़ा कम है, क्योंकि हम सोशल मीडिया से इतने इन्फ्लुएंस्ड हैं कि एक मैरिज प्रपोजल बड़े पैमाने में करना जरूरी है। क्योंकि, उसकी फोटोज डालनी है। गाड़ी में हाथ पकड़कर या घर पर जाकर शादी के बारे में बोलने में क्या प्रॉब्लम है।' यह कहना था एक्ट्रेस नुसरत भरुचा का। वे अपनी फिल्म 'अकेली' के प्रमोशन के दौरान 'विजन विद विनायक' शो में 'सच बेधड़क' मीडिया ग्रुप के फाउंडर और एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा के साथ इंटरेक्ट कर रही थीं।




**Q** ***'अकेली' नाम सुनते हैं तो ऐसा लगता कि कोई अकेली लड़की संघर्ष कर रही है...लेकिन नारी तो वो होती है जो अकेलेपन को दूर कर देती है, तो इस अकेली फिल्म की क्या कहानी है...?***

**A** हर औरत इस बात से कनेक्ट करेगी कि उसके आसपास कितने भी लोग मौजूद हों, लेकिन वह फिर भी कहीं ना कहीं अकेली फील करती है। इस मूवी में एक लड़की अपनी फैमिली को सपोर्ट करने के लिए एक ऐसे देश में चली जाती है, जहां जाने की कोई सोचता भी नहीं है। उस देश में जाकर वो अटक जाती है। जब हम अपने देश में ही अकेला फील करते हैं तो वह दूसरे देश में कितनी अकेली फील करती है। कैसे वह सिचुएशन से फाइट करती है। गिवअप नहीं करती है और अपने देश आने की कौशिश करती है।

**Q** ***आप इस करेक्टर को अपनी रियल लाइफ से कैसे कनेक्ट कर पाती हैं।?***

**A** अकेलपन से निराश नहीं होना चाहिए। अकेलापन वीकनेस नहीं होती है। अकेलपन में ही एक सेल्फ कॉन्फीडेंस आता है। मेरे एक्टर बनने की फाइट घर से ही शुरू हुई थी। किसी ने सपोर्ट नहीं किया। पहले अपनों के बीच अकेली थी फिर इंडस्ट्री में आई तो यहां कोई सपोर्टिव नहीं था।

**Q** ***कार्यक्रम का नाम विजन विद विनायक है... तो आपका विज़न अब जीवन को लेकर क्या है?***

**A** जिंदगी में उम्मीदें कभी खत्म नहीं होती। अगर आप मुझसे कहो कि अब सब हो गया खत्म। इसके आगे आपको कुछ नहीं मिलेगा, तो भी में बहुत खुश हूं। फैमिली के साथ। फ्यूचर विजन की बात की जाए तो मेरा विजन यही है कि मैं नीना गुप्ता जी की उम्र में भी फिल्में करती रहूं।

**Q** ***जीवन में सबसे मुश्किल काम है ये पहचानना कि मैं क्या करूं। यह अहसास आपको कब हुआ कि मैं एक्टिंग के लिए बनी हूं?***

**A** इसका क्रेडिट जाता है 'लव सेक्स और धोखा' फिल्म को। इस फिल्म को करने बाद मैं सही मायने में एक्टिंग को समझी और मुझे इस पूरे प्रोसेस से प्यार हो गया...और ठान लिया कि यही करना है।

**Q** ***कोई ऐसा इंसिडेंट या संघर्ष जो कभी किसी से शेयर नहीं किया हो...जिससे लड़कियों को कुछ सीखने को मिले...?***

**A** जब मेरी फिल्म आकाशवाणी तीन दिन में ही थियेटर्स से उतर गई फिल्म फ्लॉप हो गई। उस फेज से निकलने में मुझे 2 साल लग गए। मैने घर से निकलना बंद कर दिया। किसी से बात नहीं करती थी। दोस्तों ने फिल्म नहीं देखी तो उनसे भी झगड़ा कर लिया। मैं उस फिल्म से बहत अटैच हो गई थी। जब आप इतनी अटैच होके सपना देखते हो और वह चूर हो जाता है तो बहुत मुश्किल होता है, लेकिन फिर मैने सोचा इससे बुरा मेरे साथ और कुछ नहीं हो सकता। मेरा कहना यही है कि मुश्किल दौर से डरो मत। उसको जिओ। आप अपने आप स्ट्रांग हो जाओगे।

**Q** ***आपका एक बड़ा फेमस डायलॉग है कि दोस्ती और लड़की की लड़ाई में हमेशा लड़की जीतती है. असलियत में ऐसा होता है?***

**A** नहीं, यह लव रंजन का डायलॉग है। मैंने बोला ज़रूर है बट मैं कहूं तो दोस्ती और लड़की में कम्पटीशन ही नहीं होना चाहिए। दोनों होने चाहिए लाइफ में। दोस्ती भी होनी चाहिए, लड़की भी होनी चाहिए।

**Q** ***तो दोस्ती और प्यार में कौन सा रिश्ता ज्यादा अच्छा है?***

**A** नुसरत- जो रिश्ता आपको चूज करने की पोजीशन पर ले आए उसको तो पहले ही छोड़ दो।

**Q** ***अगर नुसरत फिल्मों में नहीं होती तो कहां होती?***

**A** शायद आपकी जगह होती। ऑफकोर्स जर्नलिस्ट होती। अगर यह नहीं करती तो शायद फिल्म के किसी डिविजन में होती। प्रोडेक्शन में होती या कुछ कहानियां कह रही होती। या तो जर्नलिस्ट बनकर अपनी खुद की कहानी लिख के बता रही होती या फिल्मों में बता रही होती।

## कैरम में दिखाया दमखम



**बेधड़क. जयपुर।** आरएएस क्लब में रविवार को कैरम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में पांच अलग-अलग श्रेणियों में 11 से लेकर पचास वर्ष से अधिक आयुवर्ग के बच्चों, महिला एवं पुरुषों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग महिला श्रेणी में विजेता ऋषिका गोयल एवं उपविजेता गीतिका सोबती और पुरुष श्रेणी में इन्द्रप्रित अरोड़ा विजेता एवं राहुल नाहर उपविजेता रहे। वही अंडर 18 (महिला) श्रेणी में हृदयांगना जैन विजेता और नाईशा गोयल उपविजेता और वही अंडर 18 (पुरुष) वर्ग में लक्ष्य विजेता और सुल्तान मिढ़ा उपविजेता रहे। पचास से अधिक आयुवर्ग श्रेणी में विजेता-उपविजेता उदयशंकर और रूप नाहर रहे। आरएएस क्लब के अध्यक्ष गौरव बजाड़ ने विजेताओं और उपविजेताओं को पुरस्कृत किया। विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त आरएएस अधिकारी सुरेंद्र सिंह उदावत एवं महेंद्र सिंह राठौड़ ने भी विजेताओं को शुभकामनाएं दीं।

## सोगानी अध्यक्ष नियुक्त




**बेधड़क. जयपुर।** एसोचैम राजस्थान राज्य विकास परिषद की ओर से शनिवार को बैठक आयोजित हुई, जिसमें आर्किटेक्ट तुषार सोगानी डिजाइन प्राइवेट लिमिटेड के एमडी तुषार सोगानी को अध्यक्ष और विष्णु मोहन झा को सह-अध्यक्ष नियुक्त किया गया। बैठक के दौरान परिषद ने पूर्व में की गई गतिविधियों और वित्त वर्ष 2023-24 में प्रस्तावित सम्मेलनों, कार्यशालाओं, सेमिनारों और हितधारकों की बैठकों और राजस्थान में उद्योगों के सामने आने वाली चुनौतियों और उनके समाधान पर चर्चा की।

## गलताजी के जल से अभिषेक



**बेधड़क. जयपुर।** ओम शिव शक्ति नवयुवक मंडल की ओर से रविवार को कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया। आयोजक कौशल अंचरा ने बताया कि कावड़ यात्रा गलताजी से प्रारंभ होकर नामदेव कॉलोनी सांगानेर में समापन हुई। उन्होंने बताया कि नवयुवक मंडल की ओर से पांचवीं बार यात्रा का आयोजन किया गया। इसमें 250 से अधिक कावड़ियों ने भाग लिया। इस दौरान कौशल अंचरा व मनीष जरथल, मुकेश सैनी, रितेश, विकास सहित कई लोग मौजूद रहे।

# City इवेंट्स

## जैन बैंकर्स ने किया पौधारोपण




**बेधड़क. जयपुर।** अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम जयपुर ने मोहन बाड़ी दिगंबर जैन मंदिर परिसर में पौधारोपण किया। इस दौरान पर्यावरण को बचाने का आव्हान भी किया गया। जैन बैंकर्स की ओर से अध्यक्ष भागचंद जैन मित्रपुरा, मनोरमा जैन, आशीष बाकलीवाल, आशिका जैन, अधीश जैन, कार्याध्यक्ष पदम बिलाला, अशोक जैन, श्रीमती रश्मि जैन, विमल कुमार जैन, राजेंद्र पापड़ीवाल, कोषाध्यक्ष कमल चंद जैन ने वृक्षारोपण किया। महावीर प्रसाद शर्मा, सेवानिवृत प्राध्यापक, श्रीमती निर्मला शर्मा एवं ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी में कार्यरत प्रतिभा शर्मा, अनिता कॉलोनी ने स्वयं के घर में विकसित पौधे उपलब्ध करवाए।

## शिविर में 500 यूनिट रक्तदान



**बेधड़क. जयपुर।** श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संस्था मानसरोवर के तत्वावधान में आनंद ऋषि म.सा की 123 वीं जयंती पर रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में इसमें 500 यूनिट रक्त एकत्र हुआ। शिविर में ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर की जांच, ईसीजी निशुल्क की गई। इस मौके पर श्री संघ अध्यक्ष राजेंद्र जैन (राजा), मंत्री प्रकाश चंद लोढ़ा, महिला मंडल अध्यक्ष सुजाता जैन, मंत्री संगीता लोढ़ा, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष अभिषेक जैन, मंत्री डॉ. विनोद जैन एवं कार्यक्रम प्रभारी आकाश दूनीवाल, पुनीत सिंघवी, नितिन आंचलिया मौजूद रहे।

## पार्थिव शिवलिंग का अभिषेक



**बेधड़क, जयपुर।** श्रीशिव महापुराण कथा समिति की ओर से 325 सामूहिक पार्थिव शिवलिंग पूजन व महारुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। पार्थिव शिवलिंग पूजन व महारुद्राभिषेक में भाग लेने वाले दम्पति द्वारा अलग-अलग पार्थिव शिवलिंग अपने समक्ष रखकर बृहद रुद्र पाठ द्वारा शिव पूजन-अर्चन व अभिषेक किया। संयोजक मनोज पंसारी ने बताया कि पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण शिवम नाठा व लोकेश शर्मा द्वारा किया गया। समिति महामंत्री अरुण खटोड़ ने बताया कि पार्थिव शिवलिंग प्राण-प्रतिष्ठा राज्यपाल कलराज मिश्र की उपस्थिति में हुई। रुद्राभिषेक के लिए लक्ष्मीनारायण चौधरी व प्रकाश सिंह गौरा परिवार के सहयोग से हरिद्वार से 20,000 लीटर गंगाजल उपलब्ध कराया गया।

## सुलताना नूरन की गायकी ने जगाया जादू

# फाइव स्टार मंच पर सूफी संगीत से सजी शाम में गेट-टू-गेदर

बेधड़क | जयपुर

'ये जो हल्का-हल्का सुरूर है... मेरे रश्के कमर-तूने पहली नजर...' जैसे सूफी और रूह को छूने वाले गाने जयपुर के फाइव स्टार मंच पर जश्न मनाने और गेट टू गेदर के लिए सुनाई दिए तो हर कोई कुछ समय के लिए रूमानियत में चला गया।

देश के अलग-अलग हिस्सों से आए बिजनेस पर्सन्स ने इस सफलता के जश्न की शाम को जीया। नजारा था होटल मेरियट में अवॉर्डी सिंगर सुलताना नूरन की गायकी का, जो उन्होंने ऑटोमैट के उदघोष की सफलता पर पेश की। इस मौके पर संजय दूबे, सीएफओ शशि डूमरा, तुषार जैन, अमित जैन, एके कौशल ने उदघोष की सफलता को एंजॉय करने आए देश भर के विशेषज्ञों के साथ चीयरअप किया।



फोटो: पंकज शर्मा

उन्होंने बताया कि आरामदायक कृषि की शुरुआत के एक साल बाद जयपुर में जश्न मनाया गया। ऑटोमैट के सिंचाई के लिए ऑटोमैटिक उत्पादों द्वारा खेती अब पहले से और ज्यादा आसान हो गई। करीब एक साल पहले एक पहल के दौरान उदघोष-सिंचाई की नई सोच का आगाज किया था। अब उदघोष-2.0 के लिए सब एक मंच पर आए। इस दौरान 200 से बड़ी हस्तियां एक छत के नीचे आईं। संस्थापक तुषार जैन ने कहा कि एक्सपर्ट ने विभिन्न बैठकों व किसान मेलों में भाग लिया।

## शेखावत 'भैय्याजी' सेवा सम्मान समारोह कल

# सामाजिक और विभिन्न क्षेत्रों की हस्तियां की जाएंगी सम्मानित

बेधड़क | जयपुर

नारायण ग्राम सेवा प्रन्यास, टांई के तत्वावधान में 8 अगस्त को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक लक्ष्मणसिंह शेखावत 'भैय्याजी' स्मृति सेवा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। प्रन्यास के अध्यक्ष ओमप्रकाश गोयल के अनुसार समारोह में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक निम्बाराम होंगे।

समारोह की अध्यक्षता भाजपा केन्द्रीय चुनाव समिति के सदस्य व पूर्व सांसद ओमप्रकाश माथुर करेंगे। मुख्य वक्ता पूर्व सांसद डॉ. महेशचंद्र शर्मा होंगे। विशिष्ट अतिथि लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. शिवसिंह राठौड़ होंगे। प्रन्यास के सचिव डॉ. लोकेश शेखावत ने बताया कि समारोह में सेवा सम्मान, कंबल वितरण, वृक्षारोपण, भजनांजली आदि कार्यक्रम होंगे।

कार्यक्रम में राजस्थान, हरियाणा और शेखावाटी क्षेत्र के संघ से जुड़े कार्यकर्ता भाग लेंगे।



इस मौके पर भारत माता सेवा केंद्र का लोकार्पण भी किया जाएगा। समारोह में चयनित करीब 100 गरीब परिवारों को कंबल वितरित किए जाएंगे।

गांव में स्थित नाथ सम्प्रदाय के मठ और राणी शक्ति मंदिर में वृक्षारोपण भी किया जाएगा। बाबा नन्दलाल एवं भवानी सिंह द्वारा भजनांजली प्रस्तुत की जाएगी। समारोह में सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पद्मश्री मूलचंद लोढ़ा, बाबा निरंजन नाथ, मनन चतुर्वेदी, विमला देवी को सेवा सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। इनके अलावा पर्यावरण रक्षार्थ दो वृक्ष मित्र पुरस्कार पत्रकार गोपाल कृष्ण शर्मा, खेतड़ी और पत्रकार पुष्पेन्द्र सिंह, नवलगढ़ को सम्मानित किया जायेगा।

इनके साथ ही आदिवासी क्षेत्रों में अंधता निवारण और असाध्य रोग पीड़ित लोगों की सेवा में लगे पद्मश्री मूलचंद लोढ़ा को भी सेवा सम्मान दिया जाएगा। अनाथ व बेघर बच्चो का संरक्षण करने वाली मनन चतुर्वेदी, कोटा में नाथ आश्रम के संचालक सामाजिक उत्थान में कार्य कर रहे बाबा निरंजन नाथ और अस्पताल के लिए जमीन दान करने वाली महिला विमला देवी को सेवा सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। सेवा सम्मान के निमित्त प्रत्येक को 21 हजार रुपए की राशि, श्रीफल, शाल एवं अभिनंदन पत्र भेंट किया जाएगा।

**सम्मान समारोह** | 35 स्टूडेंट्स का अभिनंदन, 10 विशिष्ठजन भी सम्मानित

# राजस्थान की होनहार प्रतिभाओं के 'हौसलों को सलाम'

बेधड़क | जयपुर

जब प्रदेश भर की प्रतिभाओं को जयपुर के मंच पर सम्मान मिला तो सामने बैठे उनके परिजन भी उत्साहित हो उठे। मौका था नवतेज फाउंडेशन की ओर से राजस्थान होनहार प्रतिभा सम्मान समारोह 2023 'हौसलों को सलाम-सीजन 2' का। इस अवसर पर कक्षा 10वीं और 12वीं में उत्कृष्ट अंक लाने वाले 35 स्टूडेंट्स का अभिनंदन किया गया।

आनंदम धाम वृंदावन से सदगुरु श्रीरितेश्वर महाराज व संत अवधेश दास महाराज के सान्निध्य में ये सम्मान दिए गए। समारोह में केंद्रीय सूचना आयुक्त उदय माहुरकर, उत्तरप्रदेश सरकार के राज्य मंत्री रघुराज सिंह, पूर्व राज्यमंत्री पं. सुनील भराला, भारत सरकार की एनसीबीसी के पूर्व वाइस चेयरमैन लोकेश प्रजापति, शिवसेना हिंदुस्तान के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन गुप्ता, नवतेज फाउंडेशन चेयरमैन राजकुमार सैनी, नेशनल कन्वीनर मधु धाकड़, नेशनल कॉर्डिनेटर विष्णु दत्ता, रोहित तिवारी, सामाजिक कार्यकर्ता बी.एल. बिश्नोई ने छात्र-छात्राओं के अलावा समाज उत्थान में उल्लेखनीय योगदान करने वाले 10 विशिष्ठजनों को सम्मानित किया गया। समारोह में आईएनए डायरेक्टर अखिलेश कुमार जैन, एचआईआईएमएस हॉस्पिटल फाउंडर आचार्य मनीष, शक्ति शिक्षा एकेडमी डायरेक्टर सत्येंद्र सिंह व सरस्वती स्कूल प्रिंसिपल स्नेहलता भारद्वाज विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।



### प्रिया सिंह ने बढ़ाया हौसला

'हौसलों को सलाम' की श्रृंखला में समाज में उल्लेखनीय योगदान देने वाली 10 विशिष्ट हस्तियों में आरयूएचएस के वाइस चांसलर डॉ. सुधीर भंडारी, अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता महिला बॉडी बिल्डर प्रिया सिंह, ट्रैफिक अवेयरनेस इंचार्ज प्रवीण कुमार, राजस्थानी लोक नर्तक अजीत सिंह तंवर, सीनियर जर्नलिस्ट मनोज माथुर, एनिमल एक्टिविस्ट लाज जैन, सिंगर मिताली वर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता श्याम स्वर्णकार व ब्रेन पॉवर ट्रेनर भीमराज वर्मा आदि शामिल रहे। इनको आमंत्रित अतिथियों और आयोजक टीम ने सम्मानित किया। प्रिया सिंह ने युवाओं का हौंसला बढ़ाया और विशेष रूप से महिलाओं को समाज में आगे आने के लिए प्रेरित किया।



प्रेम में लिया गया हर निर्णय सत्य है।
**विनायक शर्मा**, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

### पाकिस्तान में फिर बड़ा रेल हादसा

# पटरी से उतरी ट्रेन, 30 की मौत, 100 घायल



**एजेंसी** | कराची

पाकिस्तान के सिंध प्रांत के नवाबशाह शहर में रविवार को रावलपिंडी जाने वाली एक ट्रेन के कई डिब्बे पटरी से उतर जाने से 30 लोगों की मौत हो गई और करीब 100 अन्य घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हजारा एक्सप्रेस कराची से रावलपिंडी जा रही थी और यह दुर्घटना नवाबशाह जिले में सरहरी रेलवे स्टेशन के पास हुई। पाकिस्तान रेलवे के उपाधीक्षक महमूद रहमान ने पुष्टि की कि क्षतिग्रस्त डिब्बों से कम से कम 30 शव बरामद किए गए, जबकि करीब 100 घायलों को अस्पतालों में ले जाया जाया गया है।

टेलीविजन चैनल के फुटेज में सरहरी रेलवे स्टेशन के पास दुर्घटनास्थल पर ट्रेन के डिब्बे बुरी तरह क्षतिग्रस्त नजर आ रहे हैं। रहमान ने कहा, 'फिलहाल, ध्यान बचाव कार्य और पटरी से उतरे डिब्बों से लोगों को निकालने पर है।' उन्होंने कहा कि दुर्घटना के कारण की जांच की जा रही है।

## मंत्री ने की मौतों की पुष्टि

कराची में पाकिस्तान रेलवे के एक प्रवक्ता ने कहा कि कम से कम आठ डिब्बे पटरी से उतर गए और देरी से ब्रेक लगाने के कारण ज्यादा नुकसान हुआ। उन्होंने कहा कि प्रभावित डिब्बों को मशीन का इस्तेमाल करके कुछ घंटों में पटरी से हटा दिया जाएगा। लाहौर में संघीय रेलवे और विमानन मंत्री ख्वाजा साद रफीक ने कहा कि 30 लोगों की मौत हो गई है और कई घायल हो गए।



## कितने डिब्बे पटरी से उतरे, पता नहीं

पाकिस्तान रेलवे सुक्कुर मंडल वाणिज्यिक अधिकारी मोहसिन सियाल ने कहा कि कितने डिब्बे पटरी से उतरे यह पता नहीं चल पाया है। कुछ लोगों का कहना है कि 10 डिब्बे पटरी से उतर गए हैं। बता दें पिछले साल अप्रैल में दक्षिणी सिंध प्रांत के खैरपुर जिले में टांडो मस्ती खान के पास कराची से लाहौर जा रही कराची एक्सप्रेस के एक डिब्बे में आग लगने से सात लोगों की मौत हो गई थी।

### तालिबान का बालिकाओं के लिए नया फरमान

# कक्षा 3 के बाद शिक्षा बंद

**एजेंसी** | काबुल

अफगानिस्तान में तालिबान ने हुकूमत संभालने के बाद से निर्दयी और कठोर फरमान से लोगों का जीना मुहाल कर रखा है। खासकर महिलाओं को लेकर पाबंदियां बेहद सख्त हैं। ब्यूटी पार्लर, लड़के-लड़कियों के लिए अलग स्कूल के बाद गानों, फिल्मों और वाद्य यंत्रों पर पाबंदी पहले ही लगाई जा चुकी है। अब नए फरमान के तहत तालिबान ने देशभर में लड़कियों के लिए कक्षा 3 के बाद या 10 साल के बाद स्कूल जाने पर रोक लगा दी है। मीडिया रिपोर्ट है कि तालिबान ने महिला अधिकारों पर एक और गंभीर कार्रवाई की है। गजनी प्रांत में तालिबान शासित शिक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने स्कूलों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के प्रमुखों को सूचित किया है कि "10 वर्ष से अधिक उम्र की लड़कियों को प्राथमिक स्कूल में पढ़ने की अनुमति न दी जाए।" रिपोर्ट है कि कुछ क्षेत्रों में पहले महिला मामलों के मंत्रालय ने लड़कियों के स्कूलों के प्रमुखों से तीसरी कक्षा से आगे पढ़ने वाली किसी भी बच्ची को घर भेजने को कहा था।



## 10 साल तक की छात्रा को ही प्रवेश

पूर्वी अफगानिस्तान की छठी कक्षा की एक छात्रा ने बताया, "हमें बताया गया कि लंबी और 10 साल से ज्यादा उम्र की लड़कियों को स्कूल में प्रवेश की अनुमति नहीं है।" उच्च शिक्षा मंत्री नेदा मोहम्मद नदीम ने पिछले साल सभी सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों को जारी एक पत्र में कहा, "आप सभी को सूचित किया जाता है कि अगली सूचना तक महिलाओं की शिक्षा को निलंबित करने के उल्लिखित आदेश को तुरंत लागू करें।"

## सख्त ड्रेस कोड

तालिबान ने यह दावा करते हुए प्रतिबंध लागू किया कि महिला छात्रों ने कड़े ड्रेस कोड और विवि में आने-जाने के लिए एक पुरुष रिश्तेदार के साथ आने की आवश्यकता की अवहेलना की। अधिकांश कॉलेजों और विश्वविद्यालयों ने पहले ही लिंग-विशिष्ट प्रवेश द्वार, कक्षाएं और नीतियां लागू कर दी हैं, जो केवल वृद्ध पुरुष या महिला प्रोफेसरों को महिला छात्रों को पढ़ाने की अनुमति देती हैं। गौरतलब है कि अगस्त 2021 में तालिबान शासन के फिर से नियंत्रण में आने के बाद से शिक्षा प्रतिबंध महिलाओं पर लगाए गए कई प्रतिबंधों में से एक है।

### चीन: बाढ़, सूखा और 5.5 की तीव्रता के भूकंप से दहला चीन

# 126 इमारतें भरभरा कर गिरीं, 21 घायल

**एजेंसी** | बीजिंग

पहले से ही बाढ़ और सूखे की मार झेल रहे चीन पर एक और बड़ी आपदा आ गई है। शनिवार रात को चीन भीषण भूकंप से हिल गया। यहां की 126 इमारतें भरभरा कर गिर गईं। 21 लोग घायल हुए हैं। साथ ही कई लोगों के मरने की आशंका भी जताई जा रही है। बाढ़, सूखा और भूकंप तीनों की एक साथ मार पड़ने से चीन की जनता बेहाल हो गई है। लोग अपनी जिंदगी बचाने की चिंता में हरवक्त दहशत के साये में जीने को मजबूर हैं।



यह भूकंप चीन के पूर्वी हिस्सों में शनिवार देर रात आया। इस भूकंप की 5.5 तीव्रता मापी गई है। इसमें कम से कम 21 लोग घायल बताए जा रहे हैं। साथ ही 126 इमारतें ढह गई हैं। इनमें कई गगनचुंबी इमारतें भी शामिल हैं।

## इमरान के कई समर्थक गिरफ्तार

**इस्लामाबाद**। इमरान खान की गिरफ्तारी के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे पीटीआई के 44 कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को शनिवार को तोशखाना मामले में दोषी ठहराया गया है। पुलिस ने बयान जारी कर बताया है कि कराची में पीटीआई के 19 समर्थकों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार हुए 5 लोगों को कराची प्रेस क्लब के बाहर से गिरफ्तार किया गया।

### इमरान मामला: जेल को लेकर कोर्ट के आदेश की अवहेलना

# हत्यारों और डकैतों के साथ ठूंसा

**इस्लामाबाद**। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पीटीआई प्रमुख इमरान खान को तोशखाना केस में तीन साल कैद और एक लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई जा चुकी है। पुलिस उन्हें लाहौर से गिरफ्तार कर पंजाब प्रांत के अटक जेल में भेज चुकी है। जबकि अदालत ने रावलपिंडी की अडियाला जेल भेजने का आदेश दिया था। पाक सरकार की खुंदस का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्हें ऐसी जेल में डाला गया है, जहां खूंखार कैदियों के बीच उनकी रातें कटेंगी।

इसी खुंदस में शहबाज शरीफ सरकार ने चुनाव से कुछ महीने पहले ही इमरान को जेल भेज दिया है। साथ ही तीन साल की सजा सुनाए जाने के बाद इमरान पर अगले पांच साल तक चुनाव लड़ने पर भी रोक लग गई है। इमरान पर आए फैसले के साथ ही मौजूदा सरकार की चुनौती लगभग खत्म हो चुकी है।

इमरान खान को शनिवार शाम गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी से पहले इमरान ने वीडियो जारी कर अपनी अरेस्टिंग की भविष्यवाणी कर ली थी।

### क्या ल्यूपिन है भविष्य का प्रोटीन पौधा!

# 'स्वीटनेस जीन' बनाते हैं इसको स्वादिष्ट

**एजेंसी** | कैनबरा

यदि आप इटली के किसी बार में जाते हैं, तो हो सकता है कि आपको नमकीन, पौष्टिक स्नैक्स वाला एक पकवान परोसा जाए, जिसे 'ल्यूपिन बींस' कहते हैं। यह एक फलीदार बीज है, जो हजारों साल से भूमध्य सागर के आसपास के क्षेत्रों और मध्य पूर्व तथा अफ्रीका के कुछ हिस्सों में खाया जाता है। प्रोटीन और फाइबर बहुत अधिक मात्रा में, जबकि कार्बोहाइड्रेट कम मात्रा में होता है। इन्हें विभिन्न जलवायु में उगाना आसान होता है। नए शोध में शोधकर्ताओं की एक अंतरराष्ट्रीय टीम ने पहली बार कम एल्कलॉइड स्तर के लिए जिम्मेदार 'स्वीटनेस जीन' पहचान की है। इस खोज से विश्वसनीय रूप से अधिक स्वादिष्ट पौधों का उत्पादन करना आसान हो सकता है।



## अब इंसान कर रहे उपयोग

लगभग 100 साल पहले, जर्मनी में पौधे उगाने वालों ने प्राकृतिक उत्परिवर्तन पाया, जो कड़वे एल्कलॉइड के बहुत कम स्तर के साथ 'मीठा ल्यूपिन' उत्पन्न करता था। उन्होंने सफेद ल्यूपिन, संकरी पत्ती वाली ल्यूपिन और कम पीली ल्यूपिन की मीठी किस्में पैदा कीं। पिछले 50 वर्षों में ल्यूपिन खेतों में काम करने वाले जानवरों के भोजन के रूप में अधिक उपयोग होने लगा है। इन्हें मनुष्यों द्वारा भी काफी उपयोग किया जा रहा है, क्योंकि हम कड़वेपन के प्रति बहुत संवेदनशील हैं।



## जैव रसायन का किया अध्ययन

डेनमार्क में शोधकर्ताओं ने कड़वी और मीठी दोनों किस्मों में विभिन्न एल्कलॉइड के जैव रसायन का अध्ययन किया। एल्कलॉइड की संरचना में परिवर्तन को देखकर, हम इसमें शामिल जीन का अंदाजा लगा सकते हैं। अनुवांशिकी के शोध में सफेद ल्यूपिन की 227 किस्मों का विश्लेषण किया और उनके क्षारीय स्तर का भी परीक्षण किया। शोधकर्ताओं के पास इस बारे में सुराग थे कि कुछ दर्जन जीन के एक निश्चित क्षेत्र में एक खास जीन कहां होगा।


सच बेधड़क
बेधड़क अंदाज, बेधड़क खबरें

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

राजस्थान का तेजी से बढ़ता हिंदी TV न्यूज़ चैनल एवं दैनिक हिंदी अख़बार

CHANNEL NOW AVAILABLE ON

TATA PLAY 1186
airtel digital tv 372
RM Cable 123
DCN 987
GTPL Entertain | Connect JAIPUR, AJMER, ALWAR 986



A MAN OF 29 YEARS OF AGE WHO BECAME WORLD'S YOUNGEST MEDIA ENTREPRENEUR
VINAYAK SHARMA
FOUNDER & EDITOR IN CHIEF
SACH BEDHADAK MEDIA GROUP

DOWNLOAD APP
GET IT ON Google Play
Download on the App Store
official@sachbedhadak.com
WWW.SACHBEDHADAK.COM
SCAN TO DOWNLOAD

Sach Bedhadak | SachBedhadak | Sach Bedhadak | sach_bedhadak



सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** मनोज माथुर*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

“सच बेधड़क” दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl